


दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 38 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, गुरुवार 27 फरवरी, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2


# हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा की होगी प्रचंड जीत : डा. सतीश पूनियां

## रोहतक में पूनिया ने कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता




**जयपुर टाइम्स**

रोहतक(निस)। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा रोहतक जिला की कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की, इसके अलावा उन्होंने हिसार और सिरसा में भी निकाय चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की। इस दौरान रोहतक में कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सभी भाजपा के साथ निष्ठा से काम करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेणु डाबला, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया और आशा शर्मा, वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन, नागेन्द्र शर्मा, सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी अमरजीत सोलंकी, डा. आदित्य बत्रा, ओम प्रकाश बागड़ी, डा. बलवान, डा. अशोक रंगा और कोर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें निश्चित तौर पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता छोटी-छोटी बैठकें करें और लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का भरोसा दें। डा. पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जन कल्याणकारी निर्णय लेकर हर वर्ग को लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा भी भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रहा है। डा. पूनिया ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की नीतियां बताकर कमल के फूल के निशान पर वोट देने के लिए आग्रह करें। डा. पूनिया ने सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को एकजुट करके चुनाव प्रचार तेज करने की बात भी बैठक में कही। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कोर कमेटी के सदस्यों से वन टू वन चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़नी है और दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए हर वार्ड में कमल खिलाना है। डा. पूनिया ने यह भी कहा कि नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस कहीं भी नहीं है। कांग्रेस सिर्फ औपचारिक रूप से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्साह और जोश के साथ चुनाव लड़े तथा हर भाजपा प्रत्याशी की मदद करें।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आपस में समन्वय रखना बहुत जरूरी है। एकजुटता से हर बूथ को मजबूत करते हुए हर घर में हमें पहुंचना है। कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नीतू शर्मा उपाध्यक्ष रोहतक कांग्रेस, ज्योति तागड़ा ब्लॉक अध्यक्ष,भावना,बेबी रानी, नीलम, जोगेंद्र, सुरेश, विपिन, विजय शर्मा, लोकेश कुमार आदि सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी डा. पूनिया ने आग्रह करते हुए वे घर-घर जाएं और लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

## जनता ने नीति, व्यवहार व विचार से नकार दी कांग्रेसः डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। हरियाणा भाजपा प्रभारी व राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कांग्रेस पर करारा प्रहार किया है। बकौल पूनिया, अब कांग्रेस का अस्तित्व ही समाप्त हो जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीति, व्यवहार व विचार से नकार दी गई है। उनके पास नेतृत्व नहीं है। अब नक्शे से गायब हो जाए तो भी ताज्जुब नहीं होना चाहिए।कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भ्रष्टाचार और फोन टैपिंग के आरोपों पर कहा कि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा पार्टी के वरिष्ठ और सम्माननीय नेता हैं। हम सबका मान और काम पार्टी के कारण है। मैं उनके बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करता हूं। जो भी व्यक्ति कोई बात कहता है तो उसकी बात को वही बता सकता है। पूनिया ने कहा कि पार्टी सबको अवसर देती है। किसी को मंत्री, मुख्यमंत्री, किसी मेयर, किसी को दूसरा पद दिया जाता है। बीजेपी ने ही यह साहस किया है कि पहली बार विधायक बनने वालों को मध्यप्रदेश, राजस्थान और दिल्ली में मुख्यमंत्री बनाया है। सतीश पूनिया मंगलवार को निजी कार्यक्रम में भाग लेने अलवर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार, आमेर से चुनाव नहीं लड़ने और राजस्थान में राजनीतिक बदलाव, विपक्ष के पर्ची की सरकार के आरोपों समेत कई मुद्दों पर बात की।

### कांग्रेस के पास नेतृत्व का अभावः

पूनिया ने विधानसभा में कांग्रेस के विरोध के कारण बने गतिरोध और स्पीकर वासुदेव देवनानी के भावुक होने पर कहा कि सदन चलना चाहिए। विपक्ष का धर्म है कि तार्किक आधार पर लड़ाई लड़े। कांग्रेस के पास नेतृत्व का अभाव है। मुद्दे भी नहीं हैं। उनको सदन चलने देना चाहिए था, ताकि जनता की बात रख सकें। विपक्ष धारदार तरीके से अपनी बात रखे। कांग्रेस के नेता सत्ता में ज्यादा रहे हैं। उनको विपक्ष की ट्रेनिंग नहीं है। अब उनको ट्रेनिंग ले लेनी चाहिए।

### दादी शब्द असंसदीय नहीं था, तौर-तरीके पर आपत्ति हो सकती हैः

उन्होंने कहा कि मंत्री अविनाश गहलोत ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को दादी कहकर संबोधित किया था। यह शब्द कोई असंसदीय नहीं था। शब्द पर आपत्ति नहीं है। तौर-तरीके और परिस्थिति पर आपत्ति हो सकती है। उसका कोई न कोई रास्ता निकलता है। मुझे लगता है कि स्पीकर ने पूरे प्रयास किए हैं। शब्द को पकड़ विरोध करना शुरू कर दिया। गतिरोध की एक सीमा होती है। कांग्रेस को उसे तोड़ना चाहिए। मुझे लगता है शब्दों की लड़ाई की जरूरत नहीं है। प्रदेश के और भी मुद्दे हैं। उन पर बात करनी चाहिए। सतीश पूनिया से बीजेपी की लगातार जीत और कांग्रेस के भविष्य को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि किसी समय कांग्रेस मुक्त भारत का नारा अतिशयोक्ति लगता था। अब लगता है कांग्रेस नीति, व्यवहार व विचार से नकार दी गई है। उनके पास नेतृत्व नहीं है। अब नक्शे से गायब हो जाए तो भी ताज्जुब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे तो कांग्रेस में ऐसा दूर-दूर तक कोई नेता नजर नहीं आता। कोई अवतार हो जाए तो बात अलग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सत्ता से बाहर जाने का मुद्दा भ्रष्टाचार ही रहा था। केंद्र में बड़े भ्रष्टाचार के मुद्दे आए तो जनता ने नकार दिया था। राजस्थान में भी सड़क, खान और पोषाहार में भ्रष्टाचार बड़ा था। इसी कारण बदलाव हुआ। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी के राज में कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार का मामला लेकर आते हैं, लेकिन ठोस प्रमाण नहीं है। केवल चिपकाने का प्रयास करते हैं।

सबको अवसर देने वाली पार्टी सिर्फ भाजपा

# आपराधिक प्रवृति वाले नेताओं पर लगेगा आजीवन बैन!

## केंद्र सरकार बोली : यह मांग गैर जरूरी

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(एजेंसी.)। केंद्र सरकार ने आपराधिक मामलों में दोषी नेताओं पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग को गैरजरूरी करार दिया है। केंद्र सरकार का कहना है कि 6 साल के लिए डिसक्वालिफिकेशन पर्याप्त है और यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र ने ये दलील सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका की सुनवाई के दौरान दी। दरअसल वकील अश्विनी उपाध्याय ने देश की शीर्ष अदालत में एक याचिका दाखिल कर आपराधिक मामलों में दोषी पाए गए नेताओं पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की थी।

### अश्विनी उपाध्याय ने दाखिल की याचिका

याचिका में ये भी मांग की गई थी कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल मामलों का निस्तारण त्वरित गति से किया जाए। अश्विनी उपाध्याय ने ये याचिका रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट 1951 के सेक्शन 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए दाखिल की थी। केंद्र सरकार ने इस याचिका की सुनवाई के दौरान हलफनामा दाखिल करते हुए कहा कि यह सवाल कि क्या आजीवन प्रतिबंध उचित होगा या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में है। केंद्र ने ये भी कहा कि अयोग्यता की अवधि संसद की ओर से आनुपातिकता और तर्कसंगतता के सिद्धांतों पर विचार करते हुए तय की जाती है। रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट 1951 के सेक्शन 8(1) के अनुसार, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारीख से छह साल या कारावास के मामले में, रिहाई की तारीख से छह साल थी। वहीं सेक्शन 9 की धारा 9 के तहत, जिन लोक सेवकों को



भ्रष्टाचार या राज्य के प्रति विश्वासघात के लिए बर्खास्त किया गया है, उन्हें ऐसी बर्खास्तगी की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए अयोग्य ठहराया जाएगा। अश्विनी उपाध्याय ने इन दोनों मामलों में जीवन भर की अयोग्यता की मांग की थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में दिया था फैसला

संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 का हवाला देते हुए केंद्र ने कहा था कि संविधान ने अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने के लिए संसद को अधिकार दिया है। संसद के पास अयोग्यता के आधार और अयोग्यता की अवधि दोनों निर्धारित करने की शक्ति है। अप्रैल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला देते हुए कहा था कि कम से कम 2 साल की सजा पाने वाले विधायकों व सांसदों को सदन से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया जाए। इसमें अपील करने की 3 महीने की अवधि को नकार दिया गया था।

## भजन लाल सरकार ने दी एक और सौगात

# राजस्थान में बेटियों की शादी पर अब मिलेंगे 75000 हजार रुपए

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक और सौगात प्रदेशवासियों को दी है। सीएम भजनलाल ने महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के जरिए कृषि मंडियों में काम करने वाले श्रमिकों को बेटियों के विवाह के समय दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी की है। काबिले गौर है कि सरकार समय-समय पर आर्थिक मदद करती है।



यह आर्थिक मदद अलग-अलग तरीकों से की जाती है, जैसे बच्चे पैदा होने, बच्चों की शिक्षा और बेटियों की शादी पर सरकार से आर्थिक मदद मिलती है। योजना के जरिए मंडी में काम करने वाले श्रमिकों को बेटियों की शादी के लिए राजस्थान सरकार पहले 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देती थी। अब भजनलाल सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सहायता राशि को बढ़ा दिया है। अब इस योजना में श्रमिकों की दो बेटियों की शादी पर 25 हजार रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। अब प्रति विवाह को मंडियों में काम करने वाले श्रमिकों को 75-75 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

## न्यूज इनबॉक्स

### कई रिकॉर्ड के साथ महाकुंभ संपन्न

**जयपुर टाइम्स**

प्रयागराज(निसं.)। प्रयागराज में 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ 2025 का 45 दिन बाद 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के साथ अंत हो गया। 45 दिनों में संगम में डुबकी लगाने की पावन कामना लिए 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज पहुंचे। यह आयोजन अपने आप में कितना विशाल था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यूपी सरकार ने महाकुंभ की अवधि के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महाकुंभ क्षेत्र को अलग जिला तक घोषित कर दिया। चार हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले इस महाकुंभ नगर के 25 सेक्टरों में हर वो व्यवस्था की गई, जिससे प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। महाकुंभ का आयोजन खत्म होने के साथ ही श्रद्धालुओं का प्रयागराज से लौटना जारी है। हालांकि, बीते 45 दिनों में कई ऐसी चीजें देखने को मिलीं, जो कि भक्तों के दिलों में लंबे समय तक ताजी रहेंगी। फिर चाहे वह शाही स्नानों के बावजूद प्रयागराज में हर दिन करोड़ों लोगों के जुटने और इसके चलते जाम की स्थिति पैदा होने की घटनाएं हों या महाकुंभ में एक के बाद एक बाबाओं के वायरल होने की।

### खाटूश्याम जी का लख्खी मेला कल से होगा शुरू

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (कास.)। खाटू श्याम बाबा का लक्खी मेला 28 फरवरी से शुरू होने वाला है। मेले के शुरू होने में अभी दो दिन शेष हैं, लेकिन पैदल यात्रा करने वाले भक्त एक दिन पहले ही बाबा के दर्शन के लिए रवाना हो रहे हैं। यह मेला लगातार 12 दिन तक चलेगा। इस बार 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है।श्रद्धालुओं की सुविधाओं का खास ख्याल रखते हुए रींगस से खाटू श्याम मंदिर तक 17 किलोमीटर लंबा कारपेट बिछाया गया है ताकि पैदल यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

# 'पलटूराम ' के कारण पूरा सदन आहतः पटेल

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। विधानसभा में गतिरोध लगातार बरकरार है। सुलह की खूब कोशिशें भी हुईं मगर नाकाफी रही।

इसी बीच विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पलटूराम की संज्ञा देते हुए कहा है कि सिर्फ इसके कारण सदन नहीं चल पा रहा है।

राजस्थान विधानसभा में बरकरार गतिरोध पर विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सदन के गतिरोध के लिए जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी सदन चलाना चाहते हैं, लेकिन एक आदमी की वजह से पूरा सदन आहत है। विधि मंत्री ने जोधपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए यह बात कहते हुए डोटासरा को पलटू राम तक कह दिया उन्होने कहा कि वह खुद तीन बार इस पूरे मसले पर बातचीत करने के लिए लिए गए। लेकिन सिर्फ डोटासरा की वजह से विधानसभा सदन नहीं चल रही है।



### सदन का काला दिन रहेगा वर्षों तक याद

जोगाराम पटेल ने कहा कि सदन में स्पीकर की आंख में आंसू आ गए। यह दिन काला दिवस के रूप में याद किया जाएगा कि किस तरह से कांग्रेस पार्टी ने सदन में बर्ताव किया है। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा अपना कद बढ़ाने के लिए और एक परिवार को खुश रखने के लिए ऐसी हरकतें कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि हम लोग एक बार फिर प्रयास करेंगे कि गतिरोध खत्म हो जाए। अगर जरूरत पड़ी तो नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्पीकर समेत हम सब आहतः

उन्होंने कहा कि विधानसभा में भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उनके आचरण और उनकी बोली से आहत हैं। स्पीकर सहित हम सब भी आहत हैं। हमारा प्रयास था कि गतिरोध टूटे, मुख्यमंत्री ने भी प्रयास किया और स्पीकर ने भी प्रयास किया कि सदन चले। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी तकरार पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मैं खुद तीन बार उनसे मिलकर आया। लेकिन जब खेद प्रकट करने की बात आई तो अपनी बात से मुकर गए और मंत्री अविनाश गहलोत से माफी की मांग करने लगे।

## सीएम ने दी हनुमानगढ़ टाउन कृषि उपज मंडी समिति में 8 करोड़ 47 हजार राशि की मंजूरी

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। प्रदेश की कृषि मंडियों में आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य सरकार निरन्तर महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हनुमानगढ़ टाउन कृषि उपज मंडी समिति के मंडी यार्ड में विद्युत, मरम्मत व नवीन निर्माण कार्यों के लिए 8 करोड़ 47 लाख रूपये से अधिक की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

मुख्यमंत्री शर्मा के इस निर्णय से हनुमानगढ़ टाउन कृषि उपज मंडी समिति के मंडी यार्ड में कृषि जिन्स को बारिश के पानी से बचाने के लिए कवरिंग शेड का निर्माण, फ्लड लाइट्स, सी.सी.टी.वी कैमरे लगाने आदि के कार्य किए जाएंगे। साथ ही, किसान विश्राम गृह व मजदूर विश्राम गृह के निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे। इन कार्यों से मंडी प्रागंण में आधारभूत संरचनाएं सुदृढ़ होने के साथ ही, किसानों व मजदूरों के लिए सुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी होगी।

# प्रधानमंत्री कर रहे असम के विकास के लिए हर संभव प्रयासः सरमा

**जयपुर टाइम्स**

गुवाहाटी(एजेंसी.)। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन को असम के लिए मील का पत्थर करार देते हुए कहा कि गुजरात को छोड़कर किसी भी राज्य में इतना बड़ा निवेश शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि गुजरात को छोड़कर किसी भी राज्य में इतना बड़ा निवेश शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। इसलिए, यह असम के लिए मील का पत्थर है। असम के लिए ऐसा करने के लिए हम प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। वे असम के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं क्योंकि यदि वे यहां नहीं होते, तो वे हमें इस हद तक समर्थन नहीं दे पाते; हमारी क्षमता बहुत सीमित थी।

## मुख्यमंत्री ने जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार




हम एक छोटा राज्य हैं। हम कितनी दूर तक जा सकते थे? अधिक से अधिक, हम कुछ पड़ोसी देशों को आमंत्रित कर सकते थे, लेकिन इससे आगे नहीं। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर भारत आज भविष्य की नई यात्रा पर निकल रहे हैं और एडवांटेज असम, राज्य की अविश्वसनीय क्षमता और प्रगति को दुनिया के साथ जोड़ने की एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि इतिहास भारत की समृद्धि में पूर्वी भारत की प्रमुख भूमिका का गवाह है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा था कि आज, जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर अपनी वास्तविक क्षमता प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए असम के मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने 2013 के अपने शब्दों को याद किया, जब उन्होंने कहा था कि वह समय दूर नहीं जब %ए फॉर असम% आदर्श बन जाएगा। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आज का भारत अगले 25 वर्षों के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विश्व को भारत की युवा आबादी पर बहुत भरोसा है, जो तेजी से कुशल और नवोन्मेषी बन रही है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
27 फरवरी, 2025

# लायंस इंटरनेशनल के प्रान्त 3233ई1 की पूर्व प्रान्तपाल कंसल्टेटिव मीटिंग, तीसरी कार्यकारिणी सभा 'सर्वोदय' उल्लासपूर्ण संपन्न

## सफलता पर संयोजक एम.जे.एफ.लायन गिरीश गुप्ता का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई-1) कार्यकारिणी की तृतीय सभा सर्वोदय 2025' कार्यक्रम संयोजक एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता (रीजन चेयरपर्सन-रीजन 2 सांवरियाँ) के नेतृत्व में तथा लायंस ऑफ अलवर, लायंस क्लब अलवर मत्स्य, लायंस क्लब अलवर सीटी व लायंस क्लब अलवर के संयुक्त आतिथ्य में बुधवार को सम्पन्न हुई। जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा द्वारा की गई। पूर्व प्रांतपाल लायन मानक चंद जैन,पी.डी.जी., एम.जे.एफ.लायन इंजी.सुभाष जोशी, पी.डी.जी., एम.जे.एफ. लायन शशि गोयल के द्वारा सभी दिशा-निर्देशन दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा, प्रथम सहप्रांतपाल सुधीर वाजपेई, सहप्रांतपाल आशुतोष वशिष्ठ (दितीय), निवर्तमान प्रांतपाल ओपी गग्गड, पूर्व प्रांतपाल अशोक ठाकुर, पूर्व प्रांतपाल सुमेर जैन, पूर्व प्रांतपाल सुनील गोयल, पूर्व प्रांतपाल मानक चंद गुप्ता, पूर्व प्रांतपाल इंजी. सुभाष जोशी, पूर्व प्रांतपाल डॉ. देवेंद्र मैदान, पूर्व प्रांतपाल डॉ. जीएस गर्ग, पूर्व प्रांतपाल जीएल भोजवानी द्वारा चार्टर्स एवं मेल्विन जोहन्स की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय सचिव के सी शर्मा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रभू पाटिल, प्रांतीय जन संपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, डिस्ट्रिक सीईओ संजीव जैन, स्पेशल एक्जीक्यूटिव ऑफिसर नरेंद्र चांगिया, आरएस




मदान, श्रेयांस जैन, रामकुमार गुप्ता, पीआरओ प्रशांत बाजपेई, डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर ओपी मंगल मुख्य रूप से मौजूद रहे। शादी डॉट कॉम के डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर आशीष अरोड़ा ने कहा विवाह योग्य युवक युवतियों को अच्छे रिश्ते ना मिल पाना एक समाजिक समस्या है। जिस पर जल्द ही एक एप्लिकेशन के माध्यम से अधिक से अधिक लॉयन सदस्यों को जोड़ कर इस कार्य को गति प्रदान की जाएगी। लायंस क्लब जयपुर हवामहल के अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल ने बिजनेस कनेक्ट के बारे में लॉयन सदस्यों को जानकारी दी। डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर लायन ओपी मंगल द्वारा सभी रीजन चेयरपर्सन द्वारा सेवा गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

### संयोजक एम.जे.एफ.लायन गिरीश गुप्ता का किया सम्मानः

पूर्व प्रांतपालगण द्वारा प्रांतपाल सुनील अरोड़ा के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रांत को सेवा कार्यो में अग्रणी बताया।

प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता का श्रेय सभा में मौजूद आम लॉयन सदस्यों को दिया तथा कार्यक्रम संयोजक एम.जे.एफ.लायन गिरीश गुप्ता (रीजन चेयरपर्सन-रीजन 2 सांवरियाँ) को पूर्व प्रान्तपाल कंसल्टेटिव मीटिंग एवं तीसरी कार्यकारिणी मीटिंग को सफलतापूर्वक करवाने पर सदन से तालियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

वहीं प्रशांत वाजपेई (पीआरओ मध्यप्रदेश) के अनुसार सभा में उपस्थित लॉयन सदस्यों के बीच लक्की ड्रा के माध्यम से अनेक पुरस्कार वितरित किए गए, जिसमे एल जी के फ्रीज, वाशिंग मशीन, एल.ई.डी., माइक्रोवेव , 10 हॉट वाटर केटली, 10 हैण्ड ग्राइंडर, 10 प्रेस रखी गयी थी।

इस सभा में राजस्थान व मध्यप्रदेश के अधिकांश क्लबों के 487 सदस्य मौजूद रहे। कार्यकारणी सभा की व्यवस्था में क्लब अध्यक्ष एमजेएफ डॉ. मंजू अग्रवाल, वरिष्ट चिकित्सक एमजेएफ लायन डॉ.एस.सी.मित्तल, लायन अलका मित्तल, लायन गोविन्द गोयल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन संध्या अग्रवाल, लायन विनोद अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन महेश धानावत, लायन सुधा अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, लायन लोकेश यादव, लायन जयदीप यादव, लायन मृदुल खण्डेलवाल, लायन संदीप अग्रवाल, लायन लायन घनश्याम गुप्ता, जोन चेयरपर्सन लायन दिलीप गोयल, अध्यक्ष लायन रवींद्र गर्ग, लायन सुरेश चन्द गुप्ता, लायन अमित खण्डेलवाल, लायन लोकेश मोदी, लायन जी.एल.गुप्ता, लायन अविनाश गुप्ता, लायन आशीष ठाकुरिया सहित अलवर क्षेत्र के सभी लायंस क्लबों का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन पूर्व प्रांतपाल अशोक ठाकुर ने किया।

## धुंए से परेशान ग्रामवासी

जयपुर टाइम्स



सुरेर(निस)। राजगढ़ के ग्राम सुरेर में रोड बनाने के लिए रोड़ी ,डामर प्लांट से निकलने वाले धुंए से ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम निवासी चंदन पारीक ने बताया कि सुरेर ग्राम में रोड ओर डामर के इस प्लांट से निकलने वाले धुंए से गाँव के बड़े बुजुर्ग और मरीजो को ओर परेशानी का सामना करना पड़ रहा लोगो ने इस बंद कराने की मांग की है।

## महाशिवरात्रि पर स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन में पुष्प वर्षा कर किया स्वागत






जयपुर टाइम्स

अ ल व र ( नि स ) । सेवा भारती समिति ने बुधवार को स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

सेवा भारती समिति के जिला प्रचार मंत्री प्रशांत बिंदल ने जानकारी देते हो बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से महाशिवरात्रि पर अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाया गया, जिसके तहत शहर के मुख्य मार्ग से पथ संचलन किया गया। सेवा भारती समिति अलवर द्वारा इस कार्यक्रम में नंगली सर्किल पर सभी पथ संचालन स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।

जिसमें सेवा भारती समिति से जिला मंत्री राजन मल्होत्रा, जिला उपाध्यक्ष अशोक आहूजा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला प्रचारमंत्री प्रशांत बिंदल, अजय वर्मा, ताराचंद इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वन मंत्री ने किया बजट घोषणा में स्वीकृत रूसी रानी जीर्णोद्धार स्थल दबकन का किया दौरा

## नीलकंठ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की

जयपुर टाइम्स



अलवर(निस)। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने राजगढ के ग्राम दबकन में बजट घोषणा में स्वीकृत रूसी रानी के महल के जीर्णोद्धार के स्थल का दौरा किया। मंत्री शर्मा ने ग्रामीण पर्यटन को बढावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा हाल ही पेश किए बजट में रूसी रानी में विकास कार्य कराए जाने की स्वीकृति दी है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों एवं ग्रामीणों से इसके जीर्णोद्धार, सौन्दर्यकरण एवं ग्रामीण पर्यटन में इजाफे के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रकृति के अनुकूल इस पर्यटन स्थल को ग्रामीण पर्यटन के रूप में विकसित कराने हेतु प्रस्ताव तैयार करें, जिससे यहां के लोगों की अर्थिक गतिविधियां बने, लोगों का पर्यावरण, ऐतिहासिक स्थलों एवं हमारी संस्कृति से जुडाव मजबूत हो सके।

### पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की



मंत्री शर्मा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राजौरगढ टहला स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल नीलकंठ महादेव के मंदिर में अपने परिवार के साथ पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशिव रात्रि का यह पर्व सनातन संस्कृति में विशेष स्थान रखता है।

## अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस समारोह पर आज होगी विचार गोष्ठी

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। चंद्रशेखर आजाद विकास संस्थान की बैठक बुधवार को हुई, जिसमे 27 फरवरी को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस समारोह पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। संस्थान सचिव एडवोकेट लोकेश शर्मा ने बताया कि 27 फरवरी गुरुवार को अपरान्ह साढ़े 3 बजे नवीन सूचना केंद्र अशोक सर्किल के सभागार मे बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमे चंद्रशेखर आजाद और आजाद भारत का सपना' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जावेगा।विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता पंडित धर्मवीर शर्मा होंगे एवं विषय पर्वतन वीरेन्दर चौधरी करेंगे। कार्यक्रम में अथिति के रूप मे पूर्व मंत्री हेम सिंह भडाना, पार्षद अजय पूनिया, विमल जैन, ब्रजेश गुप्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम मे विगत 9 फरवरी को आयोजित स्कूली बच्चों की निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता के सफल 75 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जावेगा।बैठक में प्रवक्ता मुकेश पटेल, सतीश अग्रवाल, गोविन्द शर्मा, अभिषेक गुप्ता, महेंद्र सैनी, उमेश गोपालिया, किशोर जादौन, जय प्रकाश खुराडिया, एडवोकेट रितेश चौहान, रतन राघव, अशोक कावंत आदि संस्थान कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन अलवर पर रेलवे दुर्घटनाओं में बचाव के लिए लगाई एक दिवसीय वर्कशाला कार्यशाला




जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। रेल रक्षक दल (आरपीएफ) टीम बांदीकुई जयपुर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे का गठन रेलवे बोर्ड द्वारा जारी निर्देशो की अनुपालना में एआरटी, एआरएम, टीवीवी की तर्ज पर रेलवे दुर्घटनाओं में बचाव व राहत का कार्य करने के लिए किया गया है।

जिसके तहत बुधवार को रेल रक्षक दल (आरपीएफ) टीम बांदीकुई जयपुर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से संयुक्त रूप से अलवर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर आपदा प्रबंधन के संबंध में सियाराम सब इंस्पेक्टर की देख-रेख में एक दिवसीय वर्कशॉप कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय वर्कशॉप कार्यशाला में डेमो सहित एमएफआर, सीपीआर, एचआरडी, विंडो कटर, फायर फाइटिंग सिस्टम, रोप रेस्क्यू, बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों का रेस्क्यू आदि उपकरणो का प्रशिक्षण दिया।

जिसमें रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट अलवर के अधिकारी एवं स्टाफ, जीआरपी स्टाफ, स्टेशन अधीक्षक सीताराम मय स्टाफ अलवर स्टेशन पर कार्यरत कुली वेथ वेंडर पार्सल पोर्टल सीएमआई मोहन सिंह मय स्टाफ यात्री व सिविलियन उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि उक्त टीम महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्तट ज्योति कुमार सतीजा, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त सहरिश सिदिकी जयपुर के निर्देशन में कार्य कर रही है। इस टीम के इंचार्ज उपनिरीक्षक हुकम सिंह कसाना मय टीम द्वारा प्रधान कार्यालय रेसुब/उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के आदेशों की अनुपालना में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जयपुर के दिशा निर्देशन में बुधवार को उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर मैं आयोजित समारोह में भाजपा नेता मोहित यादव हुए सम्मिलित

## विधायक प्रतिनिधि के रूप में विधायक कोष से की महत्वपूर्ण घोषणाएं

जयपुर टाइम्स

बहरोड़(निस)। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मोहित यादव ने द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, ग्राम उंटोली में आयोजित समारोह में भाग लिया और नवनिर्मित द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। मूर्ति अनावरण और रागिनी कार्यक्रम को देखने के लिए जनता की काफी भीड़ उपस्थित थी।

इसके बाद वे आशीर्वाद लेने और कार्यक्रम में भाग लेने माजरी के शिव मंदिर भी गए।

इस पावन दिवस पर उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ पूजा-अर्चना की और भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया।

इसके उपरांत मोहित यादव ने क्षेत्र के विकास हेतु बहरोड़ विधायक के प्रतिनिधि के रूप में विधायक कोष से कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ भी कीं।

ग्राम उंटोली में कांकड़ की ढाणी से मुख्य रास्ते में उंटोली के तरफ ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य हेतु विधायक कोटे से 10 लाख की घोषणा, ग्राम माजरी खुर्द में



गांव की चौपाल निर्माण हेतु विधायक कोटे से 10 लाख की घोषणा

ग्राम उंटोली में पानी की परेशानी दूर करने हेतु बोरिंग के लिए 18 लाख की घोषणा, जिससे जनता को स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

मीडिया से बातचीत के दौरान मोहित यादव ने इस शुभ दिवस पर भगवान शिव की महिमा का बखान किया और कहा कि शिवजी की कृपा से बहरोड़ क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आगे भी जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप हर संभव कार्य किया जाएगा, जिससे क्षेत्र का संपूर्ण विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि बहरोड, मण्डल अध्यक्ष अश्वनी टाईगर, मण्डल अध्यक्ष प्रशान्त यादव उपाध्यक्ष कमल यादव, जिला पार्षद रामनरेश यादव, देवेन्द्र यादव पूर्व महामंत्री, संजय मीर पूर्व मण्डल अध्यक्ष, ओम पार्षद, सरपंच हरदीप, सरंपच अनिल, राजेश फौजी, अनिल बोहरा, कर्मवीर यादव, सुभाष यादव, नरेन्द्र यादव, ओमी डीलर, व अन्य भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।



## महिलाओं का विकास ही देश और समाज का विकास है - मोहित यादव

### मांढण में महिला महाविद्यायल की मांग की

जयपुर टाइम्स

मांढण। नवनिर्मित मांढण नगरपालिका के नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने चेयरमैन सुरेंद्र यादव के साथ भाजपा नेता मोहित यादव से मुलाकात की और मांढण में महिला कॉलेज की स्थापना की मांग रखी। उन्होंने मोहित यादव को अवगत कराया कि इस नगरपालिका में महिला कॉलेज नहीं होने के कारण लड़कियों की पढ़ाई अधूरी रह जाती है, क्योंकि उनके माता-पिता उन्हें दूर भेजने में असमर्थ होते हैं। इस समस्या के कारण कई प्रतिभाशाली छात्राओं को शिक्षा छोड़नी पड़ती है, जिससे उनके भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है चेयरमैन और पार्षदों की इस मांग पर मोहित यादव ने आश्वस्त किया कि वे बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव के माध्यम से इस बजट में महिला विद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव रखवाएंगे उन्होंने कहा कि इस विषय को शीर्ष प्राथमिकता दी जाएगी ताकि क्षेत्र की बेटियों और बहनों को इस परेशानी से शीघ्र राहत मिले और वे शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें पत्रकारों से बातचीत के दौरान मोहित यादव ने कहा, ÷महिलाओं का विकास ही देश और समाज का विकास है। जिस घर में महिलाएं शिक्षित होती हैं, वहां हमेशा समृद्धि और तरक्की होती है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और हर लड़की को समान अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की गति राजस्थान में निरंतर बढ़ रही है।

## दी विधि गजट के आठवें संस्करण का लोकार्पण आज

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। विधिशाला फाउंडेशन व कैन्स की ओर से उपभोक्ता कानून पर विधि शाला की मासिक पत्रिका दी विधि गजट के आठवें संस्करण का लोकार्पण राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, चैम्बर भवन, न्यू गेट के पास एम आई रोड, जयपुर पर गुरुवार को किया जाएगा जिसमे मुख्य अतिथि डॉ अनंत शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय उपभोक्ता परिसंघ (की) व सदस्य कार्यकारी समिति, भारतीय मानक ब्यूरो (बिस), भारत सरकार रहेंगे व विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेंद्र मोहन माथुर, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम जयपुर-3 रामफूल गुर्जर, सदस्य राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग रहेंगे। लोकार्पण के साथ साथ उपभोक्ता कानून के महत्व पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता कुणाल शर्मा, संस्थापक, विधिशाला की ओर से की जाएगी। कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे व अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। प्रदेशभर से वकील विधिक विद्यार्थी, स्कूली विद्यार्थी शिरकत करेंगे और कार्यक्रम में ही विधिशाला की ओर से आयोजित राजस्थान लॉ फेस्टिवल जो की विधिक जगत का सबसे बड़ा महोत्सव है उसका पोस्टर विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शुरू होगा।

## जयपुर में JDA की 8 नई आवासीय योजनाएं, मार्च में 4 स्कीम लॉन्च

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.) विकास प्राधिकरण (JDA) शहर में 8 नई आवासीय योजनाएं और 3 वेयरहाउस स्कीम लाने की तैयारी कर रहा है। मार्च में 4 योजनाओं के लिए आवेदन शुरू होंगे, जिनमें 1200 से ज्यादा प्लॉट उपलब्ध होंगे। इनका आवंटन लॉटरी से किया जाएगा।

**4 प्रमुख आवासीय योजनाएं**

1. *सीकर रोड (बैनाड़-दौलतपुरा)=* जोन-12 में प्रस्तावित इस योजना में EWS के 95, LIG के 88 और सामान्य वर्ग के 174 प्लॉट होंगे। इसमें स्कूल, खेल का मैदान और कॉमर्शियल प्लॉट भी शामिल हैं।

2. *चाकसू (टोंक रोड के पास)=* 200 फीट सड़क से सटी इस योजना में उच्च, मध्यम व निम्न आय वर्ग के लिए प्लॉट उपलब्ध होंगे। व्यवसायिक उपयोग के लिए 64 प्लॉट प्रस्तावित हैं।

3. *बस्सी=* खसरा नंबर 1629, 1630, 1631 में स्थित इस योजना में कुल 233 प्लॉट होंगे। आरक्षित दर 14 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर रखी गई है।

4. *निवारू-लालचंदपुरा=* जोन-12 में प्रस्तावित इस योजना में 157 प्लॉट होंगे। RERA में रजिस्ट्रेशन हो चुका है और आरक्षित दर 13 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर तय की गई है।

JDA ने 4 साल बाद हाल ही में 3 आवासीय योजनाएं लॉन्च की थीं और अब यह नई योजनाएं आने वाली हैं, जिससे जयपुर में आवासीय विकास को नई गति मिलेगी।

## सार्वजनिक भूमि से हटाया अतिक्रमण, ग्राम चूरी में चला बुल्डोजर

जयपुर टाइम्स



कोटपूतली(निसं.)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत चूरी में सार्वजनिक भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा किये गये अतिक्रमण को मंगलवार को बुल्डोजर की सहायता से हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण लीलाराम पुत्र जयनारायण मीणा ने अपने घर के पास आबादी की सार्वजनिक भूमि पर पत्थर, झाडियां आदि डालकर अतिक्रमण कर रखा था। जिसको लेकर ग्राम पंचायत द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था। जिस पर भी अतिक्रमी द्वारा जमीन ना छोड़ने पर कोटपूतली पंचायत समिति विकास अधिकारी ने स्थानीय प्रशासन को लिखित में आवेदन किया। मंगलवार को नायब तहसीलदार कोटपूतली समेत ग्राम पंचायत सचिव एवं सरूण्ड एसएचओ बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा एवं अतिक्रमण हटवाया गया।

## क्रांतिकारी विजय सिंह पथिक की जयंती गुरूवार को

जयपुर टाइम्स



कोटपूतली(निसं.)। क्रांतिकारी विजय सिंह पथिक उर्फ भूपसिंह गुर्जर की 144 वी जयंती गुरूवार 27 फरवरी को स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय सहित अनेक शिक्षण संस्थानों में मनाई जायेगी। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जे आर गुर्जर ने बताया कि राजकीय कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान माला के जरिये विजय सिंह पथिक के जीवन चरित्र और कृतित्व पर प्रकाश डाला जायेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान विजय सिंह पथिक की कर्मभूमि रही है। उनके नेतृत्व में विश्व का सबसे लंबा बिजोलिया किसान आंदोलन भी चला था।

## सात दिवसीय निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन जारी

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन मोहनपुरा, राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल कोटपूतली व जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) जयपुर के आर्थिक सहयोग से ग्राम नारेहड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य



केन्द्र पर आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर के 05 वें दिन बुधवार को डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक, बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, कोटा के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. सुधीर गुप्ता, सीएमओ अल्ट्राटेक सीमेंट डॉ. विनय वर्मा, सी.एस.आर डिप्टी मैनेजर राजेन्द्र कुशवाहा, सुरक्षा अधिकारी सौरभ पचेरा द्वारा मरीजों को फल वितरित किये गये। शिविर में 05 दिनों में 587 पुरूष व 496 महिलाओं समेत कुल 1083 मरीजों की आंखों की जांच कर दवाईयां वितरित की गई है। जिनमें से 332 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया एवं 288 मरीजों का मोतियाबिन्द का सफल ऑपरेशन किया गया है। शिविर में मरीजों के रहने व खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है।

# विभाग और सरकार की उदासीनताः लाखों रुपए से बना आहोर बस स्टैंड दुर्दशा का हुआ शिकार

- ❒ जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण बस स्टैंड शराबियों का बना अड्डा
- ❒ बस स्टैंड पर नहीं आती रोडवेज बसें,सफर करने वाले यात्री परेशान
- ❒ बस स्टैंड डेवलपमेंट पर सरकार और विभाग ने साधी चुप्पी,वहां के जनप्रतिनिधि भी मौन धारण क्यों




जयपुर टाइम्स

पाली(निसं.)। जालौर जिले के आहोर रोडवेज बस स्टैंड कई वर्षो से दुर्दशा का शिकार बनकर रह गया है। आहोर विधानसभा में लाखों रूपों से बना यह बस स्टैण्ड बदतर हालात में खड़ा है, सुविधाओं का अभाव, बसों का नियमित ठहराव तक नहीं हो रहा है। उपखंड मुख्यालय स्थित रोडवेज बस स्टैण्ड लंबे समय से दुर्दशा का शिकार बना हुआ है।यहां नियमित रूप से अधिकांश बसों का ठहराव तक नहीं हो रहा। धीरे-धीरे कर अब बस स्टैंड शराबियों का घर और अड्डा बन गया है। जानकारी के अनुसार कई साल पूर्व भामाशाह ने बस स्टैण्ड भवन का निर्माण करवाकर रोडवेज विभाग को सुपुर्द किया था, लेकिन लंबे समय से सुविधाओं का अभाव के कारण अब बस स्टैंड नहीं, संदिग्ध गतिविधियों का घर बंद कर रह गया है। यहां के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते समस्याओं का अम्बार लगा होने के कारण यात्रियों तथा बस चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। परिसर की डामर सड़क भी खस्ताहाल है। डामर के निशान तक नहीं है। इससे कंक्रीट बिखरी पड़ी है। ऐसे में चालक बस को स्टैण्ड पर लाने से कतराते हैं,उन्हें बहुत परेशानी होती है। वहीं यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बदहाल मार्ग पर यात्रियों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल है। बसें स्टैण्ड में प्रवेश करते ही हिचकोले खाना शुरू कर देती है। बदहाल सड़क के कारण कई बसें मुख्य मार्ग से सीधे ही निकल जाती हैं। सुविधाओं के अभाव में बस स्टैंड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त की हालत में खड़ा है तथा सुनसान नजर आ रहा है।

### बस स्टैंड पर व्यवस्थाओ का अभाव

बस स्टैंड पर एक नहीं सुविधाओं का टोटा ही टोटा है। स्टैण्ड पर बना मूत्रालय मरम्मत तथा साफ-सफाई के अभाव में बदहाल है तो दूसरी तरफ भवन भी जर्जर हो चुके हैं। यही नहीं बस स्टैंड सहित चारों तरफ गंदगी कंबर दिखाई दे रहा है।सफाई एवं देखरेख के अभाव में दुर्दशा की भेंट चढ़ गया है। अब तक नहीं तो विभाग या सरकार के साथ जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने बस स्टैंड की सुध तक नहीं ली है। जिससे यात्रियों को यात्रा करने में सुविधा मिल सके।

### चंहुओर बदहाली का आलम

बस स्टैंड का नजारा कुछ अलग ही अंदाज में दिखाई दे रह है, जहां चहुंओर बदहाली का मंजर फैला हुआ है।बुकिंग खिड़कियां हर समय बंद तथा कार्यालय के बाहर ताला जड़ा हुआ है। कार्मिकों की कमी के कारण अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। कक्षों पर लगे दरवाजे टूट गए है। पेयजल के लिए बनी प्याऊ बदहाल की स्थिति में। इधर बस स्टैंड पर गंदगी का आलम पसरा हुआ है।

### नहीं हो रहा स्टैंड का डेवलपमेंट

सरकार और विभाग की अनदेखी के कारण बस स्टैंड का डेवलपमेंट और परिवर्तन नहीं हो रहा है। इधर लाखों रूपों से बना रोडवेज बस स्टैंड पर पिछले कई वर्षो से व्यवस्थाओं को लेकर कस्बे वासियों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। कस्बे में पिछले लंबे समय रोडवेज बस स्टैण्ड की दुर्दशा से नाराज कस्बेवासियों ने पूर्व में बस स्टैण्ड का स्थान बदलने की मांग की भी थी,लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कस्बेवासियों का कहना था कि जोधपुर तिराहे पर वर्तमान में सब्जी मंडी स्थित है। जो तिराहे के बिल्कुल समीप है। वहां रोडवेज बस स्टैण्ड को स्थानांतरित करते हैं तो यात्रा करने वाले यात्रियों को मिल सकती है। खारा तिराहे के समीप भी सुविधाजनक हो सकता है,लेकिन इन प्रस्तावों पर अमल नहीं लाया जा रहा है।

### आए दिन पसरा रहता है सन्नाटा

कस्बेवासियों की मांग पर कुछ माह पूर्व रोडवेज ने चालक-परिचालकों को पाबंद कर स्टैण्ड पर बसों का ठहराव शुरू करवाया था, लेकिन अब भी अधिकांश बसें यहां नहीं आती।बस नहीं आने पर यात्री मुख्य मार्ग पर आसमान धूप के तले इंतजार में खड़े रहते हैं, जहां पेयजल,छाया व बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। आखिर इनका जिम्मेदार कौन है जोकी जनता के हितों की रक्षा करने में कोई तत्परता नहीं दिखाई जा रही है और कोई आगे आने को तैयार नहीं है। इससे प्रतीत होता है कि जिम्मेदारों द्वारा चुनाव के समय किए गए वादों की पोल खुल रही है।

## जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गुरूवार से आयोजित होंगे शिविर

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गुरूवार से शिविर आयोजित किये जायेगें। कोटपूतली एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों के तहत 27 फरवरी से 01 मार्च तक तहसील कोटपूतली की ग्राम पंचायत गोरधनपुरा, पवाना अहीर, कुजोता, देवता, बनार, कंवरपुरा में, तहसील बानसूर की ग्राम पंचायत बाबरिया, बुटेरी, कल्याणपुरा, भूपसेड़ा, गूंता, माजरा अहीर में, तहसील बहरोड़ की ग्राम पंचायत गादोज, बूढ़वाल, शेरपुर, रिवाली, पहाड़ी, तसींग में, तहसील पावटा की ग्राम पंचायत भोनावास, पांछूडाला, दांतिल, खेलना, लाडा का बास, बडनगर में, तहसील नीमराना की ग्राम पंचायत कायसा, अकलीमपुर, गुगलकोटा, डूमरोली, श्रीपानी, कोलिला जोगा में, तहसील नारायणपुर की ग्राम पंचायत बासदयाल, खरखड़ी कलां, अजबपुरा, विजयपुरा, नीमुचाना, नयावास में, तहसील विराटनगर की ग्राम पंचायत बागावास अहिरान, छीतोली, नौरंगपुरा, भामोद, किशनपुरा एवं पापडा, तहसील मांढ़ण की ग्राम पंचायत डाबड़वास, महतावास, उडियाकलां, परतापुर में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## आपात स्थिति में युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। पूर्व पार्षद व समाजसेवी तारा पूतली द्वारा चलाये जा रहे नियमित रक्तदान अभियान के तहत यहाँ के राजकीय बीडीएम जिला



चिकित्सालय में आपात स्थिति में रक्त की जरूरत पडने पर नरेश छेड़वाल, चेतन बाकोलिया, रविन्द्र बाकोलिया व प्रेम आर्य ने ब्लड बैंक पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान भूपसिंह पूतली, अक्की सिंघल, उमेश आर्य, संतु गुर्जर, बजरंग गुर्जर, ओमप्रकाश गन्नी भाई, राजेंद्र गुर्जर, सुभाष वर्मा, मनोज सैनी, उमेश वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का 94 वाँ बलिदान दिवस 27 फरवरी को

**विशाल एवं भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का होगा आयोजन**

- ❒ कस्बे के आजाद चौक में 27 फरवरी की शाम 05 बजे कोटपूतली का सर्वसमाज देगा श्रद्धांजली
- ❒ विधायक हंसराज पटेल समेत अन्य करेंगें शिरकत



जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(निसं.)। देश की आजादी के लिये अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने वाले अमर शहीद, स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के 94 वें बलिदान दिवस के अवसर पर कोटपूतली का सर्वसमाज उन्हें श्रद्धांजलि देगा। इस मौके पर गुरूवार 27 फरवरी को शाम 05 बजे कस्बे के आजाद चौक में भव्य एवं विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। श्रद्धांजलि समारोह में विधायक हंसराज पटेल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत व नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन के अधिकारी समेत कोटपूतली के सर्वसमाज के लोग आजाद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेगें। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जे.आर. गुर्जर व एड. मनोज चौधरी ने बताया कि चन्द्रशेखर आजाद का सम्बंध कोटपूतली से होना हमारे क्षेत्र के लिये बेहद गौरव का विषय है। आजाद देश की स्वतंत्रता आन्दोलन में कोटपूतली में आये थे एवं उन्हीं के नाम पर इस चौक का नाम आजाद चौक रखा गया। यह जानना नई पीढ़ी के लिये बेहद आवश्यक है। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सदैव स्मरण रखना एवं नई पीढ़ी तक पहुँचाकर राष्ट्रीय मूल्यों का संरक्षण करना भी बेहद जरूरी है।

**आजाद की मूर्ति लगवाये जाने की हो रही है मांग =-**

उल्लेखनीय है कि कस्बे के आजाद चौक में स्वतंत्रता नायक चन्द्रशेखर आजाद की मूर्ति लगवाये जाने की मांग पिछले काफी समय से की जा रही है। विगत वर्ष 2023 में ऐतिहासिक आजाद चौक का चौड़ाईकरण किया गया था। पूर्व में भी विभिन्न संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपकर आजाद की मूर्ति यहाँ लगवाये जाने की मांग की जाती रही है। किवंदती है कि देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वर्ष 1930 में चन्द्रशेखर आजाद भेष बदलकर यहां एक जनसभा को सम्बोधित करने आये थे। जिसके बाद इस स्थान का नाम आजाद चौक रखा गया।

यह चौक कोटपूतली की राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व पुलिस प्रशासनिक की गतिविधियों का केन्द्र बना। जिसके चलते यहाँ आजाद की मूर्ति स्थापित करवाये जाने की मांग की जाती रही है।



# राज्य स्तरीय आरोग्य मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**निदेशक डॉ. आनंद शर्मा ने सभी इंतजाम सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

**1 मार्च से 4 मार्च तक जवाहर कला केन्द्र में होगा आरोग्य मेले का आयोजन**

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आगामी 1 मार्च से 4 मार्च, 2025 तक राज्य स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन होगा। आयुर्वेद विभाग मेले के सफल आयोजन एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों का पूरा करने में जुटा है। आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद शर्मा ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. शर्मा ने आयोजन से जुड़ी अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन से जुड़े अधिकारियों को राज्य स्तरीय आरोग्य मेले के दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के लिए निर्देशित किया। डॉ आनंद शर्मा ने राज्य स्तरीय आरोग्य मेले की विभिन्न समितियों की तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने समितियों के प्रभारी अधिकारियों क मेले परिसर में सभी स्टॉल को व्यवस्थित तरीके से संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। ताकि आयुष की समस्त पद्धतियों का लाभ जन सामान्य को मिल सके।विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं मेले के नोडल प्रभारी डॉ बत्ती लाल बैरवा ने बताया कि राज्य स्तरीय आरोग्य मेला जवाहर कला केंद्र में 1 से 4 मार्च तक आयोजित किया जायेगा जिसकी तैयारियां जोरो से चल रही हैं, मेले के मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मण सैनी ने जानकारी दी कि बैठक में डॉ. श्रीराम तिवाड़ी, डॉ. दिनेश शर्मा परियोजना निदेशक आयुष मिशन, डॉ सीताराम शर्मा, रजिस्ट्रार इंडियन बोर्ड ऑफ़ मेडिसिन, डॉ रमेश गुप्ता सीईओ, प्लांटेशन बोर्ड, मेला सयोजक डॉ कमल चंद्र शर्मा, डॉ घनश्याम मीणा सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिरकत की।

## सिस्टम की सुस्तीः पंचायतो में सौर ऊर्जा लाइट लगाकर गांव को रोशन करने की योजना हुई कबाड़

जयपुर टाइम्स

सुमेरपुर(निसं.)। ग्राम पंचायत बामनेरा मुख्यालय समेत आस-पास गांव में काफी समय से सौर ऊर्जा लाइट बंद रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पोयणा में काफी समय पहले पाली सांसद पीपी चौधरी एवं पूर्व कारपोरेट मंत्री भारत सरकार की और से सार्वजनिक स्थानों पर रात के समय रोशनी व्यवस्था करने के लिए सौर ऊर्जा लाइटें लगाई गई थी और इसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई थी। गांव में लगाई गई कुछ महीनों में ये लाइट बंद हो गई। अब सारी लाइटें खराब भी हो गई। क्षेत्र में रात के समय रोशनी की व्यवस्था बिगड़ने से ग्रामीणों द्वारा सौर ऊर्जा की लाइट को ठीक कराने को लेकर प्रशासन को अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुख्यालय बामणेरा, पोयणा व धनपुरा में ग्रामीणों को अंधेरे में गुजरना पड़ता है।



**सौर ऊर्जा बनी कबाड़**

पाली सांसद एवं पूर्व कॉरपोरेट मत्री पीपी चौधरी के अथक पयासों से पूरे जिले में समस्त ग्राम पंचायत में सौर ऊर्जा लाइट लगाकर क्षेत्र वासियों को अच्छी सविधा मूवैया करवाई थी। ग्राम पंचायत की अनदेखी के कारण आज यह लाइट है कबाड़ बन कर रह गई है। कई वर्षो से गांव में लगी सभी सौर ऊर्जा लाइट शोपीस नहीं बल्कि भंगार हालत में खड़ी है। इसकी और ग्रामीणों की मांग पर कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। आपको बता दे की किसी की बैटरी गायब है तो कोई बंद हालत में खड़ी है। जिम्मेदारों की अनदेखी एवं उदासीनता के कारण वर्षा से ग्रामीण इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए कई बार आग्रह किया गया है,लेकिन कानों तक जु तक नहीं रेंगती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कुछ महीनो पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा खरा ब सौर ऊर्जा लाइट से बैटरी खोलकर ले गए थे जहां अभी तक एक भी लाइट जरूर नहीं हुई है और ना ही उनकी मरम्मत हुई है। इसके लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

**कब उड़ेगी नींद**

कई वर्षो से समस्या के समाधान के लिए आतुर है,लेकिन समाधान के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गंभीर समस्याओं के पति अब तक ग्राम पंचायत की नींद नहीं उड़ी है। हम समस्या से दंश झेल रहे हैं, फिर भी जनता की कतई चिंता नहीं है। विकास के नाम पर जुटी वाह वाही बटोर रहे हैं।

## सुविचार

वक्त और किस्मत पर कभी घमंड ना करो, सुबह उनकी भी होती है जिनको कोई याद तक नहीं करता।

## संपादकीय .....

# बढ़ता मोटापाः एक बड़ी चुनौती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के स्वास्थ्य के समक्ष एक बड़ी चुनौती 'मोटापे' का जिक्र कर खानपान की आदतों में सुधार लाने के जो तौर-तरीके बताए हैं, वे अत्यंत प्रासंगिक हैं। पिछले दो दशकों में मोटापे की समस्या बहुत तेजी से बढ़ी है। स्वास्थ्य से ज्यादा स्वाद को प्राथमिकता देना और व्यायाम आदि न करना, जैसी आदतों ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। पहले, मोटापा महानगरीय जीवनशैली का नतीजा माना जाता था। अब गांवों में भी लोग इसका सामना कर रहे हैं। यही नहीं, कई स्कूली बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। बच्चों में खेलकूद के बजाय मोबाइल गेम ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं। वे दूध, नींबू पानी, शर्बत आदि पीने से परहेज करते हैं, लेकिन बाजार में बिकने वाले शीतल पेय उन्हें बहुत आकर्षित करते हैं। अगर सोशल मीडिया पर सत्तर और अस्सी के दशक के वीडियो देखेंगे तो पाएंगे कि बहुत कम लोगों को मोटापा होता था। चूंकि तब स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थल तक पहुंचने के लिए लोगों को काफी पैदल चलना होता था। अब घर-घर में वाहन हैं। इससे सुविधा तो खूब हुई है, लेकिन मोटापा बढ़ा है। कितने ही लोग ऐसे हैं, जो पिछले कई महीनों से लगातार एक किमी भी पैदल नहीं चले हैं। पैदल चलना अपनेआप में बहुत अच्छा व्यायाम होता है, जिसकी आदत कम होती जा रही है। भारत में मोटापा भविष्य में कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है, इसका अंदाजा एक अध्ययन से लगाया जा सकता है, जिसका कहना है कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। यही नहीं, पिछले वर्षों में मोटापे के मामले दुगुने हो गए हैं। बच्चों में मोटापे की समस्या चार गुणा बढ़ गई है। प्रधानमंत्री ने भी 'मन की बात' में इस अध्ययन के निष्कर्षों को साझा किया है।

ये आंकड़े स्पष्ट बताते हैं कि अगर लोगों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में मोटापे के मामलों में तेज बढ़ोतरी होना तय है। प्रधानमंत्री ने खाने के तेल में 10 प्रतिशत कमी लाने का जो तरीका बताया, वह भी अनूठा है। अगर इस पर अमल करेंगे तो तेल के उपभोग में निश्चित रूप से कमी आएगी। एक उपाय यह हो सकता है कि अपने स्वास्थ्य के लिए जागरूक ऐसे लोगों के लिए कंपनियां ही 10 प्रतिशत कम तेल का विकल्प उपलब्ध कराएं। वे उसके साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखने संबंधी कोई अच्छा संदेश दे सकती हैं। तेल ही क्यों, नमक, चीनी, चाय समेत उन सभी चीजों के उपभोग में 10 प्रतिशत तक कमी लाने की कोशिश की जा सकती है, जिनकी ज्यादा मात्रा स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। कई लोग सब्जी में अतिरिक्त नमक डालकर खाते हैं। ब्रिटेन में हुए एक वैज्ञानिक शोध की मानें तो पके हुए भोजन में अलग से नमक मिलाकर खाने से स्वास्थ्य को बहुत नुकसान हो सकता है। शोध में 5 लाख लोगों को शामिल किया गया था। उसके नतीजे यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित किए गए थे, जिनमें बताया गया था कि जो लोग पके हुए भोजन में अलग से नमक डालकर खाते हैं, ऐसे हर 100 लोगों में से 3 लोगों की जीवन प्रत्याशा घट सकती है। अतिरिक्त नमक लेने वाले लोगों की जीवन प्रत्याशा उन लोगों से कम पाई गई, जो इस आदत से दूर हैं। शोध में यह भी बताया गया कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करना चाहिए, क्योंकि उनमें नमक की मात्रा ज्यादा हो सकती है। लंबी अवधि तक ऐसे पदार्थों का सेवन करना किडनी और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए अपने खानपान पर नजर डालें और जिन पदार्थों की ज्यादा मात्रा नुकसानदेह है, उनके उपभोग को सीमित करें।

## ट्वीटर टॉक



प्रदेश की सात प्रमुख सरकारी बिजली कंपनियों में निदेशक से लेकर प्रमुख पद इस सरकार में रिक्त हैं। इससे आमजन से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में आया है कि इन पदों को निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा खाली रखा जा रहा है।

**-अशोक गहलोत**




आज जोधपुर में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में सहभागिता कर प्रतिभाशाली युवा विधिवेत्ताओं को संबोधित किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

**-भजनलाल शर्मा**



रांची में भारतीय जनता पार्टी, झारखंड के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित केंद्रीय बजट विषयक व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुआ। मोदी जी ने विकास से विकसित भारत तक की यात्रा का पथ तैयार कर दिया है, उनके विजन को विवरित करना गर्व का विषय है।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# आज़ादी का जज्बा

पांच जुलाई 1943 के दिन सिंगापुर के टाउन हॉल मैदान में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने पहली बार सुप्रीम कमांडर के रूप में युद्ध के लिए तैयार आज़ाद हिन्द फौज की सलामी ली। सलामी लेने के बाद वे बोले, 'हथियारों की ताकत और खून की क़ीमत से तुम्हें आज़ादी प्राप्त करनी है। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली को हमें ऐसी मजबूत बुनियाद पर खड़ा करना होगा कि इतिहास में फिर कभी हमें अपनी स्वतंत्रता न खोनी पड़े।' बोस ने कहा, 'अगर तुम मृत्यु पथ पर मेरा अनुसरण करोगे तो मैं तुम्हें विजय और स्वाधीनता तक ले जाऊंगा। मेरे वीरो! तुम्हारा युद्धघोष होना चाहिए 'दिल्ली चलो! दिल्ली चलो!' अंत में हम जीतेंगे, और जब तक हमारे बचे हुए योद्धा दिल्ली के लाल क़िले पर परचम नहीं लहराते, हमारा मकसद पूरा नहीं होगा।' इस भाषण ने फौज के हर सैनिक में देशप्रेम की भावना को बलवती कर दिया। बोस का सुदृढ़ नेतृत्व मिलते ही आज़ाद हिन्द फौज ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए प्रयास तेज़ कर दिए। देश को स्वतंत्र कराने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कठोर परिश्रम और महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही भारत आज़ाद हुआ।

## सामयिक

**विदेशी हस्तक्षेप की बातें भारत के अलावा दूसरे देशों और नेताओं द्वारा भी कहा जा रहा है। विश्व के अनेक देशों की चुनावी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने में विदेशी शक्तियों और संस्थाओं की भूमिका सामने आती रही हैं। माइक्रोसाफ्ट ने डीपफेक और एआई के माध्यम से भारतीय चुनावों को प्रभावित करने की कोशिशों पर चेतावनी दिया था। 2018 में अमेरिकी सीनेट ने एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि 2016 में डोनाल्ड ट्रंप को जितवाने के लिए रूसी खुफिया एजेंटों ने फेसबुक विज्ञापनों के साथ कई तरीके से चुनावों को प्रभावित किया था। कनाडा और आस्ट्रेलिया के चुनावों में चीनी फंडिंग से चलने वाले अभियानों की भूमिका सामने आई। आस्ट्रेलिया में राजनीतिक संप्रभुता पर विदेशी हस्तक्षेप के प्रभाव पर व्यापक चर्चा हो रही है और इसे ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव किए गए हैं।**

# भारतीय चुनाव में विदेशी भूमिका का सच

**अवधेश कुमार**

**मोबाइल 9811027208**




भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर यूएसएड या यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के माध्यम से 21 मिलियन डॉलर यानी 182 करोड रुपए आने की सूचना ने पूरे देश में खलबली पैदा की है। ट्रंप प्रशासन के अंदर नवनिर्मित डिपार्मेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी डोजे यानी सरकारी दक्षता विभाग ने उसकी जानकारी देते हुए सूची जारी की। आरंभ में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे रोकने की घोषणा की और कहा कि भारत के पास स्वयं काफी रुपया है तो हम क्यों दे। उस समय ऐसा लगा मानो भारत द्वारा अमेरिकी सामग्रियों पर लगने वाले आयत शुल्क के विरुद्ध कदम उठा रहे हैं। फिर उन्होंने मियामी और उसके बाद वाशिंगटन डीसी के आयोजनों में कहा कि हमें भारत में मतदान बढ़ाने पर 21 मिलियन खर्च करने की आवश्यकता क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारत सरकार को बताना होगा। क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में 2 डॉलर का खर्च किया है तो यह हमारे लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है। भारत सरकार की ओर से सूचना है कि जानकारियों के आधार पर जांच आरंभ हो गई है। हमारे देश की समस्या है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र व भाजपा की राज्य सरकारों के रहते जब भी ऐसी खबर आती है सोशल मीडिया और मीडिया पर प्रभाव रखने वाला बड़ा वर्ग इसे गलत साबित करने पर तुल जाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा कह रहे हैं तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता।

हमारे पास भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप को साबित करने के लिए सटीक प्रमाण नहीं हैं। कुछ तथ्यों के आधार पर इसकी विवेचना की जा सकती है। डोजे द्वारा यूएस एड की जारी सूची में 15 तरह के कार्यक्रम के लिए धन देने की बात है। इनमें एक दुनियाभर में 'चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण' के लिए 48.6 करोड़ डॉलर यानी 4200 करोड़ का अनुदान था। इसी में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है। बांग्लादेश को मिलने वाली 251 करोड़ रुपए बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए दिया जा रहा था। विश्व में चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया के सुदृढ़िकरण की आवश्यकता अमेरिकी प्रशासन को क्यों महसूस हुई? बांग्लादेश में राजनीतिक सुधारों के लिए अमेरिकी सहायता राशि की जरूरत क्यों थी? मोजांबिक में पुरुष खतना कराएं, कंबोडिया में स्वतंत्र आवाज मजबूत हो तो प्राग में नागरिक समाज अंदर सशक्त हो इनका केवल समाज सेवा या उस देश का हित उद्देश्य नहीं हो सकता। इसके पीछे राजनीतिक उद्देश्य हैं। सच है कि सन 2012 में भारत के चुनाव आयोग ने इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स के साथ एमओयू यानी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया था। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने इन आरोपों और समाचारों को निराधार बताया है कि आईएफएससी से धन आयोग को स्थानांतरित हुआ था। कहीं नहीं कहा गया है कि इसने सीधे चुनाव आयोग को पैसा दिया। इस एजेंसी को यूएसएड से धन मिलता था और यह जार्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के साथ संबद्ध है। ऐसी संस्थाएं किसी माध्यम से अपनी भूमिका को वैधानिकता का आवरण देने की दृष्टि से समझौते करती हैं और फिर अपने अनुसार कार्य करती है। ध्यान रखिए 2012 में महत्वपूर्ण गुजरात विधानसभा चुनाव था तथा उसके पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर का। वर्ष 2013 में पहले कर्नाटक उसके बाद मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का। भारतीय चुनावों और राजनीति में विदेशी भूमिका की बात पहली बार नहीं आई है।

नरेंद्र मोदी सरकार गठित होने के बाद से इसका चरित्र और व्यवहार बदला है किंतु हमारे देश में यह बीमारी लंबे समय से है। जब देश के नेता नौकरशाही, बुद्धिजीवी, पत्रकार, एक्टिविस्ट आदि छोटे-छोटे लाभ के लिए खिलौना बनने को तैयार हो जाएं तो कुछ भी हो सकता है। शीतयुद्ध काल में सोवियत संघ और अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धायें थीं। दोनों अपने प्रभाव के लिए हस्तक्षेप करते थे। भारत में 1967, 77, 80 के चुनाव में विदेशी भूमिका की सबसे ज्यादा चर्चा हुई। सोवियत संघ के विघटन के बाद मित्रोखिन पेपर नाम से ऐसी जानकारियां आईं जिनसे पढ़ने वाले भौचक रह गए थे। वासिली मित्रोखिन, जो सोवियत संघ की खुफिया एजेंसी केजीबी से संबद्ध थे, और क्रिस्टोफ़र एन्ड्रयूज ने अपनी पुस्तकों में खुलासा किया कि केजीबी ने भारत के अनेक समाचार पत्रों एक्टिविस्टों ,पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, नेताओं पर उस समय अरबों खर्च किए। भारत में अमेरिका के राजदूत रह चुके डेनियल मोयनिहान ने पुस्तक ए डेंजरस प्लेस में लिखा है कि भारत में कम्युनिस्टों के विस्तार को रोकने के लिए अमेरिका ने भारतीय नेताओं को धन दिए।

सन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से अनेक ऐसी घटनाएं हुईं हैं जिनसे संदेह बढ़ा। 2019 में दोबारा उनके सत्ता में लौटने के बाद अलग तरह के स्वरूपों में आंदोलन हुए । इनमें नागरिकता संशोधन कानून के विरुद्ध शाहीनबाग धरना और उसके समर्थन में देश और दुनिया में सोशल मीडिया से लेकर अन्य अभियान तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का सरकार के विरुद्ध सीधे बयान देना शामिल है। कृषि कानून के विरुद्ध हुए आंदोलन में भी हमने देखा कि देश के बाहर से टूलकिट बनाकर अभियान चलाए जा रहे थे। इस तरह के आंदोलन भारत ने कभी देखे नहीं जिसमें प्रत्यक्ष हिंसा नहीं हो, पर उग्रता और हठधर्मिता ऐसी कि मुख्य सड़क पर धरना दो, आवश्यकतानुसार निर्माण भी कर लो और बैठे रहो, किसी सूरत में हटो नहीं। यूएसएड द्वारा 2021 में भारतीय मिशन के प्रमुख के रूप में वीणा रेड्डी को भेजा गया था। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उनका भारत का कार्यकाल समाप्त हो गया और वह वापस लौट गईं हैं। उस समय भी उनकी भूमिका को लेकर प्रश्न उठे थे।

विदेशी हस्तक्षेप की बातें भारत के अलावा दूसरे देशों और नेताओं द्वारा भी कहा जा रहा है। विश्व के अनेक देशों की चुनावी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने में विदेशी शक्तियों और संस्थाओं की भूमिका सामने आती रही हैं। माइक्रोसाफ्ट ने डीपफेक और एआई के माध्यम से भारतीय चुनावों को प्रभावित करने की कोशिशों पर चेतावनी दिया था। 2018 में अमेरिकी सीनेट ने एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि 2016 में डोनाल्ड ट्रंप को जितवाने के लिए रूसी खुफिया एजेंटों ने फेसबुक विज्ञापनों के साथ कई तरीके से चुनावों को प्रभावित किया था। कनाडा और आस्ट्रेलिया के चुनावों में चीनी फंडिंग से चलने वाले अभियानों की भूमिका सामने आई। आस्ट्रेलिया में राजनीतिक संप्रभुता पर विदेशी हस्तक्षेप के प्रभाव पर व्यापक चर्चा हो रही है और इसे ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव किए गए हैं। सेबेस्टियन व्हाइटमैन की किताब 'द डिजिटल डिवाइड इन डेमोक्रेसी' में कहा गया है कि माइक्रोसॉफ्ट ने भी अपनी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी थी कि चीनी सरकार के समर्थन से चीन की साइबर आर्मी आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों, दक्षिण कोरिया और भारत के चुनावों को प्रभावित कर सकती है।

हांगकांग यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ पॉलिटिक्स एंड पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में सहायक प्रोफेसर डोव एच लेविन ने 2020 में अपनी किताब किताब 'मेडलिंग इन द बैलेट बॉक्सः द कॉजेज एंड इफेक्ट्स ऑफ पार्टिजन इलेक्टोरल इंटरवेंशन' में लिखा है कि 1946 से वर्ष 2000 के दौरान 938 चुनावों का परीक्षण किया गया। इनमें से 81 चुनावों में अमेरिका, जबकि 36 चुनावों में रूस ने हस्तक्षेप किया। इस तरह 938 में से 117 यानी हर 9 चुनाव में से 1 चुनाव में दोनो की भूमिका रही है। वैराइटीज ऑफ डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट, स्वीडन द्वारा 2019 में प्रकाशित जर्मन राजनीति विज्ञानी अन्ना लुहरमैन के अध्ययन के अनुसार हर देश ने कहा है कि मुख्य राजनीतिक मुद्दों को लेकर झूठ फैलाये गये और चीन और रूस सबसे ज्यादा झूठ फैलाने वाले देश थे। संभव नहीं कि चीन और रूस ऐसा करें और अमेरिका इससे वंचित हो।

भारत पर विस्तृत अध्ययन नहीं आया, किंतु 2019 के चुनाव में ज्यादातर देशों ने स्वीकार किया कि झूठ और अफवाह फैला कर चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश की गई। 2024 के चुनाव में हमने देखा कि संविधान खत्म हो जाएगा, आरक्षण खत्म हो जाएगा जैसे झूठ ने भूमिका अदा की। इसमें सोशल मीडिया, मुख्य मीडिया,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पूरी भूमिका थी। दलितों और जनजातियों के बीच लोगों का समूह जाकर का प्रचार करता था। इसलिए इन बातों की ठीक प्रकार से जांच हो। जांच रिपोर्ट में अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हों तो भले उन्हें सार्वजनिक न किया जाए किंतु भविष्य में ऐसी खतरनाक भूमिकाओं को रोकने के कदम उठाए जाने चाहिए।

## नजरिया

# मोबाइल की लत से वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार होते बच्चे

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 8949519406**



अनेक अध्ययन रिपोर्टों में देश और दुनिया में बढ़ते वर्चुअल आटिज्म के खतरे से सावचेत किया जा रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि कम उम्र में बच्चों को फोन थमाने से उनका मानसिक विकास प्रभावित होता है. इतना ही नहीं, मोबाइल, गैजेटस और ज्यादा टीवी देखने की लत बच्चों का भविष्य खराब कर रही है। इससे उनमें वर्चुअल आटिज्म का खतरा बढ़ रहा है। आज घर घर में बच्चे धड़ल्ले से मोबाइल पर स्क्रीनिंग कर रहे है। उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है की यह उनके स्वास्थ्य के लिए कितनी खतरनाक है। प्रगति और विकास की अंधी दौड़ में हम अपने बच्चों को उन बीमारियों की और धकेल रहे है जिससे उनका शारीरिक और विशेषकर मानसिक विकास बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऐसी ही बच्चों की एक घातक बीमारी को चिकित्सक आटिज्म के नाम से सम्बोधित करते है। यह बीमारी मोबाइल फोन से सम्बंधित है। दुनिया भर में हुई तमाम रिसर्च और रिपोर्टे बताती हैं कि कम उम्र में बच्चों को फोन थमाने से उनका मानसिक विकास प्रभावित होता है। इतना ही नहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक मोबाइल, गैजेटस और ज्यादा टीवी देखने की लत बच्चों का भविष्य खराब कर रही है। इससे उनमें वर्चुअल आटिज्म का खतरा बढ़ रहा है। आज के दौर में फोन ही जीवन का आधार हो गया है। हर किसी को स्मार्टफोन और इंटरनेट की लत लगी है। आज देश के घर घर में स्मार्ट फोन ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। देखा जा रहा है अभिभावक अपने बच्चों के सामने बेबस है।

बच्चे जब रोते हैं या किसी चीज के लिए जिद करते हैं तो अक्सर मां-बाप पीछा छुड़ाने के लिए बच्चों को मोबाइल या कोई और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट थमा देते हैं। इससे बच्चा शांत तो हो जाता है लेकिन इससे उसे कई घंटे स्क्रीन के सामने बिताने की लत लग जाती है। यह परिपाटी केवल एक घर की नहीं अपितु घर घर की है। घर में बच्चे के लिए दूध भलेही न मिले मगर मोबाइल चलाने के लिए डेटा अवश्य मिल जायेगा। सब्जी लाने के लिए जेब खा ली है मगर इंटरनेट के लिए जुगाड़ हो जाता है। यह प्रचलन आजकल काफी आम हो गया है।

मोबाइल फोन,टीवी, टैबलेट, कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेटस बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक इन सबसे बच्चों में आटिज्म की बीमारी बढ़ रही है और उनकी सोशल कम्युनिकेशन और बिहैवियर स्किल्स प्रभावित हो रही हैं। इसमें बच्चों से माता-पिता का संवाद कम होना, बच्चों का बहुत ज्यादा अकेले में रहना, स्क्रीन टाइम यानी टीवी, मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग करना आदि कारण शामिल हैं।

अमेरिकी ग़ैर-सरकारी संस्था सेपियन लैब्स की रिपोर्ट के मुताबिक़ कम उम्र में जब बच्चों को स्मार्टफ़ोन दिए जाते हैं तो युवावस्था आते-आते उनके दिमाग़ पर विपरीत असर दिखने लगता है। यह रिपोर्ट 40 देशों के 2,76,969 युवाओं से बातचीत करके तैयार की गई है और ये सर्वेक्षण इसी साल जनवरी से अप्रैल महीने में किया गया। इन 40 देशों में भारत भी शामिल है। बेहद चौंका देने वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 74 फ़ीसदी महिलाएँ, जिन्हें 6 साल की उम्र में स्मार्टफ़ोन दिया गया था, उन्हें युवावस्था में मेंटल हेल्थ को लेकर परेशानी आई। जिन लड़कियों को 10 साल की उम्र में स्मार्टफ़ोन दिया गया, उनमें 61 फ़ीसदी का एमसीक्यू स्तर कम या ख़राब रहा। कुछ ऐसा ही हाल 15 साल की 61 फ़ीसदी लड़कियों का रहा।

पिछले कई सालों में सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है, इसने मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है बल्कि एक तरह से इसने जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी स्मार्टफोन से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे इंटरनेट एडिक्शन डिस्ऑर्डर कहा गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में बच्चों में वर्चुअल ऑटिज्म के मामलों की संख्या में पिछले एक दशक में तीन से चार गुना वृद्धि देखी गई है। मां-बाप के बीच एक यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि वो अपने बच्चों का मन बहलाने के लिए उन्हें कहानी या लोरियां सुनाने की जगह मोबाइल फोन और अन्य गैजेट पकड़ा देते है। इस सामाजिक और मानसिक समस्या से छुटकारा पाने के लिए यह जरुरी है की माता-पिता पहले अपनी आदतों में सुधार करे फिर अपने बच्चों को सुधारे।

स्वास्थ्य जयपुर टाइम्स

गुरूवार
27 फरवरी, 2025



# जल्द शुरू होगी सुधीर बाबू की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म जटाधरा की शूटिंग

सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्मजटाधरा की शूटिंग पर जानकारी सामने आई है। यह मूल रूप से तेलुगु फिल्म है, जिसे पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इसमें सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने जा रही है। जी स्टूडियोज ने पोस्ट साझा कर बताया है कि शूटिंग अगले महीने यानी फरवरी से शुरू होगी।

### प्राचीन रहस्यों से उठेगा परदा

फिल्मजटाधरा की शूटिंग के लिए सेट हैदराबाद में सजेगा। आज इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में यह जानकारी है। दरअसल, मेकर्स ने फिल्म के तीन पोस्टर शेयर किए हैं। यह हिंदी, अंग्रेजी और तेलुगु भाषाओं में हैं। इसके साथ लिखा है,इंतजार खत्म हुआ! एक खजाना खोजना है, एक अभिशाप से लड़ना है। इस सुपरनैचुरल थ्रिलर में मिथक और रहस्य मिलते हैं। फिल्म में सुधीर बाबू नजर आएंगे। शूटिंग फरवरी से शुरू होगी।

### रवीना टंडन के नजर आने की खबर

मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा कहा जा रहा है कि इस फिल्म में अभिनेत्री रवीना टंडन भी नजर आएंगी। रवीना टंडन की दक्षिण भारतीय फिल्मों की बात करें तो उन्हें यश स्टारर केजीएफ- चैप्टर 2 में भी देखा गया था, जिसमें वो नेता के रोल में नजर आई थीं। कहा जा रहा है किजटाधरा में रवीना टंडन नेगेटिव भूमिका में नजर आएंगी।

### शिविन नारंग करेंगे निर्देशन

फिल्मजटाधरा का पोस्टर बीते वर्ष अगस्त में जारी किया गया था। अब फिल्म की शूटिंग पर अपडेट आ गया है। इस फिल्म का निर्देशन शिविन नारंग कर रहे हैं। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इसका निर्माण प्रेरणा अरोड़ा कर रही हैं, जो इससे पहले परी, रुस्तम, पैडमैन और टॉयलेट- एक प्रेम कथा को भी बना चुकी हैं।



# प्लास्टिक सर्जरी को गलत नहीं मानती हैं खुशी कपूर

लवयापा में नजर आने वाली अभिनेत्री खुशी कपूर ने अपने चेहरे की सर्जरी को लेकर हो रही बातों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें इस बारे में बात करने से डर लगता था लेकिन अब वे कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में ज्यादा खुलकर बात करती हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है।

### लोगों से नफरत मिलने का था डर

कर्ली टेल्स को दिए इंटरव्यू में खुशी कपूर ने कहा कि लोगों से नफरत मिलने के डर से पहले मैं इस बात को मानने में डरती थी। हालांकि, खुशी को अब लगता है कि सर्जरी करवाना कोई अपराध नहीं है और अगर कोई व्यक्ति ऐसा कुछ करता भी है तो ये कोई गलत बात है।

### नाक और होठ की करवाई सर्जरी

खुशी ने कहा कि लोगों को लगता है कि मैंने ऐसा किया। हां, लेकिन ये पूरी तरह से खूबसूरत लगता है। उन्होंने माना कि उन्होंने अपनी फिल्मी शुरुआत से पहले नाक की सर्जरी और होंठों में फिलर करवाया था। खुशी जल्द ही जुनैद खान के साथ फिल्म लवयापा में नजर आने वाली हैं।

### दिल्ली के लड़के का निभाया है किरदार

फिल्म में उन्होंने एक स्थानीय दिल्ली के लड़के का किरदार निभाना था। इसके लिए उन्होंने दिल्ली की गलियों में समय बिताया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनके हाव-भाव और बोलचाल की भाषा को आत्मसात किया। जुनैद ने न केवल दिल्ली की बोली को समझा, बल्कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर उनके रहने के तरीके को भी महसूस किया।

### फरवरी में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 7 फरवरी को रिलीज होने जा रही है। इसकी रिलीज से पहले एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। कई समाचार पोर्टल में छपी खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए जुनैद ने काफी ज्यादा मेहनत की है। खुशी के फैंस भी उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।



# डेटिंग की खबरों पर रश्मिका ने लगाई मुहर

रश्मिका मंदाना अगली बार लक्ष्मण उतेकर की पीरियड ड्रामा फिल्म छावा में नजर आएंगी। वह फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं, इस दौरान उन्होंने हाल ही में में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी बड़ी जानकारी दी। अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान रिलेशनशिप में होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि वह प्यार में हैं। हालांकि, उन्होंने अपने पार्टनर का नाम बताने से परहेज किया, वहीं अब उनके डेटिंग पार्टनर पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। रश्मिका के बारे में खबरें है कि वह अपने डियर कॉमरेड को-स्टार विजय देवरकोंडा के साथ रिलेशनशिप में हैं। अभिनेत्री ने अपने हैप्पी प्लेस के बारे में बात की, वहां उन्होंने बताया कि वह एक पार्टनर हैं।




# इस साल गर्मियों में रिलीज होगी विक्रम की ध्रुव नचतिरम

साउथ अभिनेता चियान विक्रम इन दिनों अपनी आगामी फिल्मध्रुव नचतिरम को लेकर फिर से सुर्खियों में है। वहीं फिल्म के निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन ने एक रोमांच जानकारी से प्रशंसकों को खुश कर दिया है। विक्रम साउथ सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरणत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन में ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ अहम भूमिका से सभी का दिल जीत चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू में मेनन ने घोषणा की कि ध्रुव नचतिरम गर्मियों में रिलीज के लिए तैयार है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ध्रुव नचतिरम 24 मार्च 2025 को रिलीज हो सकती है।

### फिल्म ध्रुव नचतिरम की स्टार कास्ट

फिल्म ध्रुव नचतिरम में रितु वर्मा को विक्रम की प्रेमिका के रूप में दिखाया गया है। ध्रुव नचतिरम एक लंबे समय से प्रतीक्षित तमिल फिल्म है, जिसकी रिलीज का प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं। गौतम वासुदेव मेनन द्वारा लिखित और निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में विक्रम और रितु वर्मा के अलावा ऐश्वर्या राजेश, राधिका सरथकुमार, अर्जुन दास, सिमरन, डीडी, आर. पार्थिबन और कई कलाकार नजर आएंगे। वही ध्रुव नचतिरम का हैरिस जयराज नेध्रुव नचतिरम का संगीत तैयार किया है। ध्रुव नचतिरम ओन्ड्रागा एंटरटेनमेंट, कोंडाडुवोम एंटरटेनमेंट और एस्केप आर्टिस्ट मोशन पिक्चर्स का संयुक्त प्रोडक्शन है।

### फिल्म की कहानी

ध्रुव नचतिरम एक जासूसी एक्शन थ्रिलर है, जिसमें कहानी जॉन (विक्रम) के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी, जो न्यूयॉर्क में स्थित एक अंडरकवर एजेंट है। वह और उसकी टीम एक गुप्त ऑपरेशन में शामिल हैं, जिसका नेतृत्व मिस्टर के नाम के एक आदमी कर रहा है। जॉन और उनकी टीम तब हरकत में आती है जब बुरे लोग मिस्टर के को पकड़ लेते हैं, और उन्हें अंधेरे में छोड़ देते हैं। हमले के पीछे संगठन का मकसद क्या है?

# यह रोमांस को लेकर क्या बोल गईं पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े ने कुछ ही देर पहले अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ पूजा ने कैप्शन में लिखा, बस थोड़ा सा रोमांस ही काफी है। पूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म देवा को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। देवा में पूजा के साथ शाहिद कपूर नजर आएंगे। देवा के अलावा पूजा दलपति विजय की 69वीं फिल्म जन नायकन में नजर आएंगी। पूजा के इंस्टाग्राम पर 27.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



# मनोज बाजपेयी की फैमिली मैन 3 में नजर आ सकते हैं जयदीप अहलावत

जयदीप अहलावत की पाताल लोक के दूसरे सीजन की धमाकेदार वापसी के बाद दर्शक मनोज बाजपेयी की द फैमिली मैन के नए सीजन की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि दोनों अभिनेता इस सीरीज में साथ काम करते नजर आ सकते हैं।

जयदीप के किरदार को लेकर हुई बात फिल्म फेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक जयदीप फैमिली मैन 3 में मनोज बाजपेयी के दुश्मन की भूमिका निभा सकते हैं। शो से जुड़े एक सूत्र ने प्रकाशन को बताया, द फैमिली मैन सीजन 3 में जयदीप की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। खबरों की मानें तो उनका किरदार मनोज बाजपेयी के श्रीकांत के खिलाफ होगा और दर्शकों को स्क्रीन के इन दो दिग्गजों को एक-दूसरे से दुश्मनी निभाते नजर आ सकते हैं।

पाताल लोक 2 को मिल रही तारीफ जयदीप अहलावत को उनकी सीरीज पाताल लोक 3 को लिए चार साल के इंतजार के बाद जयदीप अहलावत पाताल लोक सीजन 2 में हाथी राम चौधरी के रूप में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। निर्माताओं ने हाल ही में जयदीप अहलावत के एक दिलचस्प पोस्टर के साथ नए सीजन की। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि राज और डीके द फैमिली मैन सीजन 4 को साइन करेंगे। एक सूत्र के हवाले से कहा गया था कि तीसरे सीजन की शूटिंग चल रही है, वहीं चौथे सीजन के साथ सीरीज को साइन करने के बारे में चर्चा हुई है।



# 'कृष 4' में देरी पर राकेश रोशन, नहीं चाहता लोग मुझे फ्लॉप निर्देशक के तौर पर याद रखें



**एक बड़ी म्यूजिक कंपनी ने कुछ साल पहले हिंदी सिनेमा के दिग्गज संगीतकारों के गानों के संग्रह प्रकाशित किए तो राकेश रोशन को उसमें ढूंढे से भी अपने पिता रोशन के गाने नहीं मिले। बस वहीं से नींव पड़ी नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'द रोशन्स' की।**

हिंदी सिनेमा को अपने संगीत, अपने निर्देशन और अपने अभिनय से रौशन करने वाले रोशन परिवार के दीये आज तक सबसे तेज जगमगा रहे हैं। आपको इस शब्द की या इस नाम की अहमियत पहली बार कब समझ आई?

मेरा असली नाम राकेश नागरथ है। मेरी पढ़ाई इसी नाम से हुई। तमाम सरकारी कागजात पर अब भी मेरा यही नाम है। ये उन दिनों की बात है जब मै फिल्मों में सहायक निर्देशक का काम तलाश रहा था। नाज सिनेमा बिल्डिंग में सारे निर्माताओं के दफ्तर हुआ करते थे और मैं वहां काम मांगने जाता तो दफ्तर के कर्मचारियों से कहता कि साहब को बोलो, रोशन साब के बेटे आए हैं मिलने। लोग मुझे बुलाते। कुर्सी से खड़े होकर हाथ मिलाते। बड़ा सम्मान देते। इस नाम की मैंने इतनी महत्ता देखी तो इसे अपने नाम के साथ जोड़ लिया।

**ये बीते छह दशक जो बिना पिता के आपके बीते हैं, उनका संघर्ष कितनी बड़ी चुनौती रही आपके लिए?**

संघर्ष तो अब भी है। बीते 70 साल से चला आ रहा है। आगे भी चलता ही रहेगा। जीवन में संघर्ष निरंतर है। अभी बात होती है क्या बनाऊं? 'कृष 4' की बात होती है तो उसको भी बनाने पर बात होती है कि लोगों को पसंद आएगी कि नहीं, आएगी। तो चुनौती तो है, वही जीवन है।

18 फिल्में बना चुके निर्माता राकेश रोशन के लिए क्या चुनौती हो सकती है? क्या ये चुनौती निर्देशक राकेश रोशन की फिल्म के 1000-1500 करोड़ रुपये कमाने की है?

हमें पैसे कमाने के लिए फिल्म नहीं बनाना है। ऐसा हम कभी नहीं करेंगे। हमारा डर ये है कि लोग हमें कैसे याद करेंगे? हमने 15-16 फिल्में बनाई हैं। एक निर्देशक को लोग उसकी आखिरी फिल्म से याद करते हैं। मैं नहीं चाहता कि लोग मुझे एक फ्लॉप फिल्म के निर्देशक के रूप मे याद करें।

आपके पिता रोशन की संगीतबद्ध फिल्म 'सूरत और सीरत' के गाने 'बहुत दिया देने वाले ने तुझको' के पहले जो बांसुरी बजती है, वही आपकी फिल्म 'करण अर्जुन' के गाने 'ये बंधन तो प्यार का बंधन है' की धुन बनी है।

**आपको संगीत से कितना लगाव है? कभी आपने भी कोई गाना लिखा या कंपोज किया?**

'सूरत और सीरत' के गाने की जहां तक बात है, ये राजेश को पता होगा। मुझे नहीं लगता कि हमने 'सूरत और सीरत' फिल्म के किसी गाने से कोई धुन ली होगी। संगीत की बात करें तो हां, मैं गिटार बजाता हूं। पियानो बजाता हूं। फिल्मों का संगीत तो हम सब मिलकर ही तैयार करते हैं। लेकिन, अगर किसी एक गाने की ही बात करूं तो 'प्यार की कश्ती में' की धुन मेरी बनाई हुई है। ये गाना भी मेरा लिखा हुआ है।

**संगीतकार रोशन के गानों में अध्यात्म का बहुत गहरा असर दिखता है। इसके बारे में क्या कहेंगे?**

हमने हमेशा पारिवारिक फिल्में बनाई। ऐसी फिल्में जिन्हें पूरा परिवार साथ बैठकर देख सके। मैंने कभी कोई ओछी पिक्चर नहीं बनाई। हमारे गानों में एक बात होती है और हम इस पर शुरू से कायम रहे। अच्छे बोलों के साथ ही गाने बनाए। राजेश ने भी अच्छे बोलों के साथ ही गाने बनाए।

**और, इस वेब सीरीज 'द रोशन्स' को बनाने का मकसद क्या रहा?**

ये सीरीज हमने अपनी तारीफ के लिए कतई नहीं बनाई है। हमने इस सीरीज में ये बताने की कोशिश की है, हमने तब से लेकर आज तक किस तरह के संघर्ष सिनेमा में देखे हैं। अगर सबसे तारीफ ही करानी होती तो फिर इस सीरीज को बनाने का कोई मतलब ही नहीं था।

# माँ के व्यवहार पर निर्भर है शिशु का तेज दिमाग

नई बनी मां कृपया ध्यान दें। क्या आप अपने लाड़ले से सकारात्मक सहयोग रखती हैं। यदि नहीं तो आज से अपने बच्चे के प्रति आप सहयोग की भावना रखें। ऐसा करने से आपके लाड़ले का दिमाग तेज रहेगा और जीवन भर तनाव से भी दूर रहेगा। यह बात हम नहीं बल्कि एक ताजा अध्ययन में कही गई है। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक जो महिलाएं अपने नवजात बच्चे के प्रति ज्यादा शिष्ट रहती हैं उनके बच्चों के दिमाग के हिप्पोकेंपस क्षेत्र में ज्यादा नर्व कोशिकाएं बनती हैं जिससे बच्चे का दिमाग तेज होता है। हिप्पोकेंपस का सीधा संबंध याददाश्त और भावना से होता है। हालांकि इस अध्ययन में यह साबित नहीं हो सका कि मां के व्यवहार से बच्चे का ब्रेन साइज बाद में बड़ा होता है लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि मां का बच्चे के प्रति सकारात्मक व्यवहार ब्रेन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शोधकर्ताओं ने 92 बच्चों पर प्री-स्कूल से लेकर ग्रेड स्कूल तक अध्ययन किया। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बच्चों पर माता-पिता के सहयोग के स्तर का विश्लेषण किया। इसमें 7 से 13 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था। बच्चों को एक टास्क पूरा करने के लिए कहा गया। बच्चों के माता-पिता को इस अध्ययन के बारे में नहीं बताया गया था। इसके बाद बच्चों का ब्रेन स्कैन किया गया। अध्ययन में देखा गया कि जिन बच्चों के माता-पिता ने ज्यादा सहयोगात्मक दृष्टिकोण रखा उनमें तनाव का स्तर एकदम कम था। इसके अलावा इन बच्चों में हिप्पोकेंपस भी बड़ा देखा गया। अध्ययन में हालांकि यह भी देखा गया कि जिन बच्चों में पहले से तनाव के संकेत थे उनमें माता-पिता के इस सहयोग का ज्यादा असर नहीं पड़ा। प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर जॉन लुबी के अनुसार इस असर का महत्व यह है कि ब्रेन के हिप्पोकेंपस में याददाश्त, भावनाओं का नियमन और तनाव का स्तर जुड़ा होता है। इसमें स्वस्थ सामाजिक मेलजोल की कुंजी छुपी है। उन्होंने कहा कि इस अध्ययन से शुरुआती माता-पिता के व्यवहार को सहयोगात्मक बनाने में मदद मिलेगी।



# नोज पिन सौंदर्य में लगाए चार चांद

समय बदलता है तो उसके साथ ही फैशन भी बदलता है जो हमेशा कुछ नया लिए होता है। चाहे ड्रेसेज हों या ज्वैलरी, आए दिन इनमें कुछ नए ट्रेंड मिलते ही हैं। इस नएपन की चाल में हमारी बॉलीवुड एक्ट्रेसेज का बड़ा योगदान रहता है और वे जो कुछ भी नई चीज ट्राई करती हैं वही उस समय का फैशन बन जाता है। नोज पिन- हिंदी में इसे नथ कहते हैं व इसे पहनने की प्रथा बहुत पुरानी है। शादी में तो नथ को ही स्पेशल माना जाता है। फिर वह साइज में बड़ी हो या छोटी, पहननी ही पड़ती है। मुस्लिमों में तो लड़के वालों की तरफ से लड़की को गहने और कपड़ों के साथ नथ भी भेजी जाती है व लड़की जब नथ पहन लेती है तभी निकाह होता है। नोज पिन की वैराइटी नोज पिन कई वैराइटी में आने लगी हैं। ये आपको राउंड शेप में मिल सकती हैं, घुंघरू लगी नथ,नगों की लड़ी से सजी नथ, मल्टीकलर में स्टार शेप की नथ, अर्द्ध चंद्राकार नथ, बतख या रोज की आकृति की नथ, थ्री स्टोन नथ आदि-आदि कई आकार व प्रकार में सुलभ हो सकती हैं। इन नोज पिन को आज फैशन वर्ल्ड में एक अलग पहचान मिल रही है और मिले भी क्यों नहीं, इसे पहनने के बाद गर्ल्स हों या शादीशुदा महिलाएं, खुद को सेलिब्रिटी सा महसूस करती हैं। चाहे कोई लड़की कॉलेज जा रही हो या कोई विवाहिता किसी शादी या पार्टी में जा रही हो, चाहे उसने साड़ी पहनी हो या शलवार-कमीज या लहंगा-चोली, नोज पिन उनके सौंदर्य में चार चांद लगा देती है। लड़कियों में तो नोज पिन का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। लाभ भी हैं नोज पिन के इसे पहनने से जुकाम या नाक संबंधी रोग कम ही होते हैं। नोज पिन से सूंघने की शक्ति तेज होती है। अक्सर पानी में काम करने वाली भी इसे आराम से पहन सकती हैं, उन्हें कफ आदि विकार कम होंगे।





# फैशन में इन पेंसिल स्कर्ट और न्यूड शूज

**नए और हॉट ट्रेंड के हिसाब से युवतियों की खास पसंद बन चुकी पेंसिल स्कर्ट अब पार्टीज से लेकर कॉलेज तक में दिखाई देने लगी है। वहीं न्यूड शेड के फुटवेयर का क्रेज तो सभी महिलाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। सेलिब्रिटीज भी आजकल इस ट्रेंड पर मोहित नजर आ रही हैं।**

स्मार्ट और ट्रेंडी लुक के साथ ही पेंसिल स्कर्ट आपको एलीगेंट लुक भी देती है। चाहे सिंपल सफेद शिफॉन शर्ट के साथ पहनें या फिर प्रिंटेड टीशर्ट के साथ, यह स्कर्ट हर तरह से फबती है। इसे मुख्य तौर पर नी लेंथ तथा बैक स्लिट के साथ पहना जाता है। वैसे सामान्यत: पेंसिल स्कर्ट का उपयोग छरहरी काया वाली युवतियां ही ज्यादा करती हैं, लेकिन नी लेंथ वाली थोड़ी लूज फिटिंग की पेंसिल स्कर्ट ब्रॉड फ्रेम वालों पर भी बेहद जंचती है। नी लेंथ वाली पेंसिल स्कर्ट को आप पार्टीज या ऑफिस कहीं भी पहन सकती हैं।

कॉर्पोरेट ड्रेसिंग के तौर पर तो इसका प्रयोग बहुत आम है, वहीं फ्लाइट अटेंडेंट्स तथा हॉस्पिटलिटी जैसे प्रोफेशन से जुड़ी युवतियों के ड्रेस कोड में भी यह अक्सर शामिल होती है।

ऑफिस वेयर के हिसाब से जहां प्लेन पेंसिल स्कर्ट अच्छी लगती है, वहीं कैजुअल ड्रेस के तौर पर प्रिंटेड, स्ट्राइप्स वाली तथा कलरफुल स्कर्ट्स का उपयोग सहजता से किया जा सकता है। इसका मोटा फैब्रिक तथा फिटिंग आपको कॉन्फिडेंट बनाती हैं और स्मार्ट लुक देती हैं।

न्यूड शेड्स वे सारे शेड्स हैं, जो बेहद सादे और आपकी त्वचा की रंगत से मेल खाते हों। इनमें खाकी, ब्राउन, बैज आदि शामिल हो सकते हैं। साथ ही आजकल सिल्वर, मैटेलिक, ग्रे आदि रंगों को भी इनमें मिक्स करके एक नया इफेक्ट पैदा किया जाता है।

न्यूड शेड फुटवेयर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे किसी भी तरह के और किसी भी कलर-शेड के परिधान के साथ मैच किया जा सकता है। ये सलवार सूट के साथ भी उतने ही सुंदर दिखते हैं, जितने कि जींस या फिर शॉर्ट ड्रेस के साथ। यही नहीं इन्हें आप प्लेन या प्रिंटेड, किसी भी तरह के फैब्रिक के साथ पहन सकती हैं। यानी ये हर तरह से काम आते हैं।

अगर आपके कलेक्शन में एक पेयर न्यूड फुटवेयर का है तो आप इन्हें कई तरह से इस्तेमाल कर सकती हैं। न्यूड शेड में हाई हील सैंडल्स, शूज, बैलेरीना, फ्लैट्स या प्लेटफॉर्म कोई भी स्टाइल पैरों पर अच्छी लगती है। इन फुटवेयर्स का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इनमें आपके पैर लंबे दिखाई देते हैं।

यही नहीं तीखे कलर वाले नेलपेंट के साथ यह और भी खूबसूरत दिखाई देते हैं। आजकल न्यूड के साथ रेड, ऑरेंज, गोल्ड तथा ऐसे ही भड़कीले रंगों का हल्का-सा टच देकर भी फुटवेयर बनाए जा रहे हैं, जो बेहद सुंदर दिखाई देते हैं।

# स्प्रिंग सीजन में स्किन ब्यूटी



**चंदन पीसकर उसमें कुछ बूंदें गुलाब जल मिलाकर लगाने से त्वचा को ठंडक पहुंचती है**

- त्वचा यदि धूप के कारण झुलस गई हो तो खीरा, टमाटर तथा नीबू के रस को समान मात्रा में मिलाकर लेप करें तथा सूखने पर पुनः लगाएं, फिर धो डालें।
- प्रतिदिन नहाने से पहले शरीर के खुले हिस्सों पर दही लगाएं और 10 मिनट तक छोड़ दें और इसके बाद नहाएं।
- जैतून का तेल तथा सिरका बराबर मात्रा में लेकर उन्हें मिलाकर, नहाने के एक घंटे पहले शरीर पर लगाने से त्वचा कांतिमय हो जाएगी।
- एक छोटे खीरे का रस, आधा चम्मच ग्लिसरीन व एक चम्मच गुलाब जल मिलाकर झुलसी त्वचा पर लगाने से त्वचा नर्म पड़ जाती है।
- यदि तेज धूप से आपकी चमड़ी का रंग सांवला हो गया है तो कच्चे टमाटर को कुचलकर छाछ मिलाकर चेहरे और चमड़ी पर मलने से त्वचा को ठंडक मिलेगी।
- अलसी का तेल व नींबू का रस बराबर मात्रा में मिलाकर झुलसी त्वचा पर लगाने से काफी फायदा होता है।
- चिरौंजी कच्चे दूध में पीसकर मलाई एवं नींबू का रस मिलाकर चेहरे तथा बदन में लगाना गर्मियों में बहुत लाभदायक होता है।
- एक चम्मच मक्खन और एक चम्मच पानी मिलाकर फेंट लें। धूप से झुलसी त्वचा पर लगाएं राहत मिलेगी।
- 1/2 चम्मच बेसन में 2 चम्मच नींबू का रस व दही मिलाकर चेहरे, गर्दन व बाहों पर लगाएं, 20 मिनट बाद धो लें। गर्मी से राहत मिलेगी।
- एक चम्मच बेसन, एक चुटकी हल्दी, एक चम्मच कच्चा दूध व एक चम्मच गुलाब जल मिलाकर नियमित रूप से लगाने से त्वचा में निखार आता है।

# महेशवास में रास्ता विवाद में आगजनी, पेड़ जलकर राख

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)।** महेशवास गांव में रास्ते को लेकर वर्षों से चल रहे विवाद में मंगलवार को आगजनी हो गई। आगजनी में रास्ते में रखी लकड़ियां, बाढ़ और पेड़ जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही जोबनेर थाना अधिकारी सुहैल खान मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। वहीं फुलेरा से दमकल मौके पर पहुंची जिसने आग पर काबू पाया। हालांकि आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुईं। आग किन कारणों से लगी है यह अभी पता नहीं चल पाया है। मामला हिरनोदा ग्राम पंचायत के महेशवास गांव की देवंदा की ढाणी का है जहां दो परिवारों के बीच आम रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। यहां के दुलाराम जाट ने बताया कि खसरा नंबर 44 में काश्तकारों की ओर से सहमति से घरों व खेतों में आने जाने वाले रास्ते को मूलचंद, छोटूराम, श्रवण, गणेश, मुकेश आदि ने एकराय होकर रास्ते में सीमेंट के पिलर, तारबंदी कर बंद कर दिया है। यह रास्ता कई वर्षों से आने जाने के लिए खुला था मगर इन लोगों ने बंद कर दिया है। काबिले गौर है कि इस विवादित खसरा नंबर 44 रकबा 2.1497 पर न्यायालय उपखंड अधिकारी सांभरलेक की ओर से 30 जनवरी





2024 से निषेधाज्ञा भी लगाई हुई है जिसमें लिखा है कि इस विवादित खसरा में उभय पक्ष मौका व रिकॉर्ड की यथा स्थिति बनाए रखें। प्रार्थी के हिस्से में आने जाने के लिए रास्ते के उपयोग उपभोग में मजाहमत करे और ना ही रास्ता बंद करे।

### प्रशासन ने दो बार खुलवा दिया रास्ता, अतिक्रमियों ने कर दिया हर बार बंद

संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर के निर्देश पर 30 अप्रैल 2024 को नायब तहसीलदार गंगाबिशन गुजराती, गिरदावर धन्नाराम मीणा, श्याम सुंदर यादव, विक्रम सिंह, पटवारी कैलाश सिंह किशनावत और अशोक सैनी ने मय जाब्ते के रास्ता खुलवा दिया था। वही पटवारी की फर्द रिपोर्ट में भी लिखा है कि यह रास्ता पहले खुला हुआ था जो लोगो के आने जाने में काम में आता था। लेकिन 13 दिसंबर 2024 को अतिकर्मियो ने फिर से बंद कर दिया। इसके बाद तहसीलदार सांभरलेक ने 27 दिसंबर 2024 को इस रास्ते को फिर से खुलवाने का आदेश दिया। इसके बाद 21 फरवरी 2025 को फिर प्रशासन ने इस रास्ते को खुलवा दिया लेकीन अतिक्रमियो ने प्रशासनिक अधिकारियों के जाते ही पुन बंद कर दिया।

### इनका कहना है

अभी तक किसी पक्ष ने मामला दर्ज नहीं कराया हैं। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों ही पक्षों को पाबंद किया है।

**सुहैल खान, थाना अधिकारी जोबनेर**

यह रास्ता विवाद कई वर्षों से चल रहा है। प्रशासन ने दो बार खुलवा दिया। आम रास्ता सुचारू रहना चाहिए।

**कृष्णा शर्मा, तहसीलदार फुलेरा, मुख्यालय सांभरलेक.**

## गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली एवं बामनवास में संस्थापित मध्यस्थता के लिए सरकारी एवं निजी क्षेत्र के अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** वैकल्पिक विवाद निस्तारण एवं मध्यस्थता गतिविधियों के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर एवं अधीनस्थ तालुकाओं गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली एवं बामनवास में संस्थापित मध्यस्थता केन्द्रों में मध्यस्थ के रूप में सेवाएं प्रदान करने के इच्छुक, सक्षम तथा योग्य व्यक्तियों/संस्थाओं से 1 मार्च, 2025 शाम 5 बजे तक ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि मध्यस्थता के लिए सेवारत एवं सेवानिवृत बैंकिंग, मेडिकल, इन्जीनियरिंग, इन्श्योरेंस, शिक्षा, कृषि, राजस्व, निर्वाचन, रक्षा व अन्य सरकारी एवं निजी क्षेत्र के अधिकारी भी आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर एवं तालुका विधिक सेवा समिति गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली एवं बामनवास में सम्पर्क कर सकते है।

## मार्च में होलिका दहन एवं धूलण्डी के अवकाश को छोडकर राजकीय अवकाश के दिन भी खुलेंगे उप पंजीयक कार्यालय

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग वृत्त-जयपुर तृतीय के उप महानिरीक्षक श्यामा राठौड़ ने आदेश जारी कर समस्त पूर्णकालीन एवं पदेन उप पंजीयक के कार्यालय मार्च में 13 मार्च होलिका दहन एवं 14 मार्च धूलण्डी के अवकाश को छोडकर शनिवार-रविवार एवं अन्य राजकीय अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रखने के निर्देश दिए है। इन कार्यालयों में सामान्य दिवसो की भांति राजकीय अवकाशों में पंजीयन एवं मुद्रांक संबंधी दस्तावेजों का पंजीयन, बकाया राशि की वसूली से संबंधित समस्त कार्य, कलक्टर (मुद्रांक) के कार्यालय के समस्त कार्य संपादित किए जायेंगे।

## 27 फरवरी से 1 मार्च तक यहां लगेंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविर

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला कलक्टर ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान तहत 27 फरवरी से 1 मार्च, 2025 तक सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत लहसोड़ा, सुनारी एवं कुण्डेरा में, चौथ का बरवाड़ा की ईसरदा, झोपड़ा एवं डिडायच में, मलारना डूंगर की दोनायचा, गंभीरा एवं फलसावटा में, बौंली की बड़ागांवसरवर, हिन्दुपरा एवं थड़ोली में, मित्रपुरा की उदगांव एवं कुशलपुरा में, गंगापुर सिटी की खानपुर बड़ौदा, उदेईकलां एवं आस्ट्रोली में, बामनवास की रिवाली, गण्डाल एवं कोहली प्रेमपुरा में, वजीरपुर की रेण्डायल गुर्जर, शिवाला एवं रायपुर में, तलावड़ा की मीनापाड़ा, नारायणपुर एवं नौगांव में, बरनाला की सुमेल एवं गोठ ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की त्रिवेणी है भागवत कथाः कृष्णानन्द



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के लिलीया कुंआ के पास पेड़ीवाल परिवार आयोजित श्री मद्भागवत कथा के समापन के दिन कथावाचक श्री कृष्णा नन्द महाराज ने भागवत जी के मंगलाचरण के माध्यम से कहा कि इस दिव्य ग्रंथ में भगवान श्री कृष्ण प्रत्यक्ष रूप से विराजमान रहते है जो मनुष्य श्रद्धा और विश्वासपूर्वक नित्य भागवत कथा श्रवण करते हैं उनके समस्त संकट और पाप-संताप मिट जाते हैं। कृष्णा नन्द महाराज ने कहा कि भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की त्रिवेणी है। जिसमें अवगाहन करने से मनुष्य के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। कथा के मध्य अवधुत्तोपाख्यान, भक्त सुदामा और भागवतसार के भक्तिमय प्रसंग सुनाए। इस अवसर पर रामरतन राठी, श्रीराम माली, जनक दायमा, छगनलाल तोषनीवाल, गणेश मंत्री, अजीत कंदोई, बाबूलाल मोदी, जुगलकिशोर लखोटिया, गौरीशंकर कलानी, दीनदयाल सेवदा, बाबूलाल सिरसवा, दीपक मूँदड़ा, मुकेश राठी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रहीं।

## बीकानेर में दबंगों की गुंडागर्दी, युवक को पीटकर हाथ-पैर तोड़े, कार्रवाई नहीं

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)** में दबंगों की दबंगई चरम पर है। हाल ही में एक युवक को लाठियों से बेरहमी से पीटने और उसके हाथ-पैर तोड़ने का मामला सामने आया है। इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। पीड़ित पक्ष से बजरंग मोदी ने साजिद भुट्टा, माजिद अली भुट्टा सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। इससे पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा है। वे पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या पुलिस दबंगों पर कार्रवाई करेगी या फिर पीड़ित को इंसाफ के लिए भटकना पड़ेगा

## बठिंडा में राजस्थान का युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**बठिंडा** (निस)बठिंडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने राजस्थान के बाड़मेर जिले के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न ब्रांड की 155 पेटी शराब बरामद की है। कैंट थाना प्रमुख दलजीत सिंह ने बताया कि ईटीओ भूपिंदर सिंह को भुच्चो आउटलेट पर सूचना मिली थी। एक कैंटर में बिना लाइसेंस और दस्तावेजों के भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही थी। पुलिस ने नाकाबंदी कर कैंटर को रोका और चालक रमेश कुमार को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई शराब की पेटियों पर कोई बैच नंबर नहीं मिला है। सभी पहचान चिह्न मिटे हुए हैं। पुलिस ने कैंट थाने में एफआईआर नंबर 15 दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड की मांग करेगी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शराब की सप्लाई राजस्थान क्षेत्र में की जानी थी।

## होटल परिसर में तेंदुए का आतंक, सीसीटीवी में कैद हुआ हमला

जयपुर टाइम्स

**देसूरी-सादड़ी-रणकपुर**(निस) जिले के देसूरी-सादड़ी-रणकपुर सड़क मार्ग पर स्थित एक होटल परिसर में तेंदुए ने कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। यह पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है, जब होटल परिसर में एक कुत्ता घूम रहा था। अचानक झाड़ियों से निकलकर तेंदुआ तेज गति से आया और पलक झपकते ही कुत्ते पर झपट पड़ा। कुछ ही सेकंड में तेंदुआ कुत्ते को दबोचकर जंगल की ओर चला गया। होटल कर्मचारियों को सुबह सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद इस घटना का पता चला। तेंदुए की इस गतिविधि के कारण होटल कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में डर का माहौल बन गया है। यह क्षेत्र जंगलों से सटा हुआ है, जिससे वन्यजीवों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन तेंदुए का इस तरह खुले में आकर शिकार करना चिंता का विषय बन गया है।

### वन विभाग को दी गई सूचना

घटना की जानकारी मिलते ही होटल प्रबंधन ने वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आसपास के इलाके में गश्त बढ़ा दी है। अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों और होटल स्टाफ को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### निवासियों से सतर्क रहने की अपील

वन विभाग ने होटल संचालकों और आसपास के लोगों से रात में अकेले बाहर न निकलने और सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील की है। साथ ही, तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे लगाने और गश्त बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है।

## आदर्श सौर ग्राम योजनाः सर्वाधिक सोलर संयंत्र स्थापित करवाने वाले गांव को मिलेगा एक करोड रूपये का वित्तीय अनुदान

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के रूप में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई महत्वाकांक्षी पहल को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में राज्य को विद्युत उत्पादन में सरप्लस बनाने एवं परिवारों को 24 घंटे मुफ्त विद्युत उपलब्ध कराने के लक्ष्यानुसार योजना को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। भारत सरकार द्वारा आदर्श सौर ग्राम योजना के तहत प्रत्येक जिले में 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों का चिन्हिकरण कर एक करोड़ रूपए के केन्द्रीय विश्रीय सहायता के माध्यम से एक मॉडल सौर गांव विकसित किया जाएगा। ताकि ग्रामीण समुदाय अपनी ऊर्जा जरूरतो को पूरा करने में आत्मनिर्भर बनाना, ऊर्जा बिलो मे कमी ला सकेंगें जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और सभी घरो एवं सार्वजनिक क्षेत्र को 24 घण्टे सौर उर्जा से संचालित गांव का विकास करना है। साथ ही सौर आधारित अघरेलू जल प्रणाली, कृषि उद्देश्य के लिए सौर पम्प और सौर स्ट्रीट लाइट जैसी तकनीको को बढ़ावा देती है। जिला कलक्टर शुभम चौधरी के निर्देशानुसार उक्त योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा मलारना चौड, मलारना डूंगर, पिपलदा, शिवाड, सारसोप, भगवतगढ़, चौथ का बरवाडा, सूरवाल, खिलचीपुर, कुस्तला, छाण आदि 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांव चिन्हिकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हित गांवों में प्रतियोगिता के आधार पर 6 माह के भीतर सर्वाधिक सोलर संयंत्र स्थापित करवाने वाले गांवों का चयन आदर्श गांव के रूप में किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा आदर्श सौर ग्राम को एक करोड रूपये की केन्द्रित वित्तीय सहायता का अनुदान दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीणा ने बताया कि आदर्श सौर ग्राम के लिए जिला स्तरीय समीति का गठन किया गया है। योजना में सामुदायिक सौर संयंत्र, सौर ऊर्जा संचालित उपकरण, सरकारी भवन पर सौर संयंत्र और सौर सार्वजनिक तकनीकी को शामिल किया गया है। योजना के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक गांव के सरपंच अपनी ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक सौलर संयंत्र स्थापित करवायेंगें। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक को लोन के बारे मे जानकारी देने का कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

## खाटू मेले के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन

## *मदार-कुरुक्षेत्र-मदार और जयपुर-शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी ट्रेन चलाएगा रेलवे, रींगस स्टेशन तक आएगी ट्रेन*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विश्वविख्यात बाबा खाटूश्याम का वार्षिक मेला 28 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। 11 मार्च तक भरने वाले इस मेले में देश के अलग-अलग राज्यों से भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। भक्तों को आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। इसके लिए रेलवे लगातार ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोतरी कर रहा है। स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन कर रहा है। रेलवे अब मेले को देखते हुए दो स्पेशल ट्रेन और संचालित करने जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार- गाड़ी संख्या 09725, जयपुर-शकूर बस्ती मेला स्पेशल रेलसेवा 1 मार्च से 15 मार्च तक जयपुर से सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 2.30 बजे शकूर बस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09726, शकूर बस्ती -ढेहर का बालाजी (जयपुर) मेला स्पेशल ट्रेन 1 मार्च से 15 मार्च तक शकूर बस्ती से दोपहर 3.50 बजे रवाना होकर रात 10.50 बजे ढेहर का बालाजी (जयपुर) पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में ढेहर का बालाजी,नींदड बैनाड, चौमू सामोद, गोविन्दगढ़, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मावंडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, अस्थल बोहर व बहादुरगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 09 साधारण श्रेणी के एवं 02 गार्ड श्रेणी के कुल 11 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 09727, मदार (अजमेर)- कुरूक्षेत्र मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 9 मार्च से 12 मार्च तक (04 ट्रिप) मदार से सुबह 09.20 बजे रवाना होकर शाम 7.40 बजे कुरूक्षेत्र पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09728, कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल रेलसेवा 5 मार्च से 12 मार्च तक कुरूक्षेत्र से रात 9.25 बजे रवाना होकर दूसरे दिन सुबह 8 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ़, नरैना, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना व कैथल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 16 साधारण श्रेणी के एवं 02 गार्ड श्रेणी के कुल 18 डिब्बे होंगे।

## खाटूश्यामजी मेले में इस बार विशेष सजावट, 5 देशों से आएंगे फूल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** इस साल लक्खी मेले में खाटूश्यामजी मंदिर को वैष्णो देवी मंदिर और शीश के दानी थीम पर सजाया जा रहा है। इसके लिए बैंकॉक, हॉलैंड, न्यूजीलैंड, चीन और इटली से हाइड्रेंजिया, लिली, रेडबेरी और ऑर्किड फूल मंगवाए गए हैं। मंदिर परिसर में विदेशी और देसी फूलों को मिलाकर रोजाना सजावट होगी।

**नई व्यवस्थाएं और विशेष सजावट**

- सिंहद्वार पर श्रीकृष्ण के चरणों में शीश अर्पित करते बर्बरीक की झांकी फूलों से बनाई जाएगी।
- 75 फीट लंबे मार्ग पर रंग-बिरंगे छाते अहमदाबाद से मंगवाकर सजाए गए हैं।
- प्रवेश मार्ग पर सैकड़ों नारियल लाल कपड़ों में बंधे नजर आएंगे।
- घंटियों की सजावट वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर होगी।

मेले में 3 नई व्यवस्थाएं

- AI आधारित पार्किंग प्रबंधन।
- मेटल डिटेक्टर से भक्तों की गिनती।
- इमरजेंसी अस्पताल की सुविध

मंदिर परिसर के दोनों ओर बड़े पंखे लगाए गए हैं, जिससे भक्तों को राहत मिलेगी। जगह-जगह लाउडस्पीकर से बाबा के भजन व आरती गूंजेंगे, वहीं श्यामसेवक इत्र और ठंडे पानी का छिड़काव करेंगे। तैयारियां अंतिम चरण में हैं और 27 फरवरी तक कार्य पूरा हो जाएगा।

## बाली के दातीवाड़ा में महाशिवरात्रि का भव्य आयोजन, पहाड़ी पर अग्नि प्रज्वलित कर निभाई परंपरा

जयपुर टाइम्स

**बाली पाली**(निस) उपखंड के प्रसिद्ध बाबा दुदेश्वर महादेव मंदिर, दातीवाड़ा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार, संध्या आरती के दौरान पहाड़ी पर अग्नि प्रज्वलित (हबीयू) कर भगवान शिव की आराधना की गई। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में इस धार्मिक उत्सव ने आध्यात्मिक माहौल बना दिया।



### विशाल वरघोड़ा निकाला गया

दिन में दुदेश्वर महादेव मंदिर से वेरा ढिबरा तक भगवान शिव का विशाल वरघोड़ा निकाला गया, जिसमें हजारों शिवभक्तों ने भाग लिया। भक्तों ने ढोल-थाली की धुन पर जमकर नृत्य किया और भक्ति में लीन नजर आए। मंदिर के पुजारी मदन लाल लुहार द्वारा भगवान भोलेनाथ की महाआरती करवाई गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

महाशिवरात्रि मेले के दौरान भजन संध्या का भी भव्य आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक पुष्कर साखला ने एक से बढ़कर एक शिव भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### विशेष डेकोरेशन और महाप्रसादी का आयोजन

वीणा बेन जैन और शैलेश जैन द्वारा विशाल डेकोरेशन और महाप्रसादी की व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति और सेवा का अनुभव मिला।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

महाशिवरात्रि के मद्देनजर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सका।

### आयोजन समिति

पूरे कार्यक्रम का आयोजन दुदेश्वर महादेव ट्रस्ट मंडल के निर्देशन में किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोमाराम चौधरी, उपाध्यक्ष देवाराम प्रजापत, कोषाध्यक्ष हरिलाल गर्ग, सचिव अमृत लाल माली, प्रचार मंत्री रामलाल चौधरी, सह प्रचार मंत्री हसमुख मालवीय, संगठन मंत्री रतनसिंह राठौड़, सह संगठन मंत्री हरिलाल हीरागर, सदस्य खेताराम चौधरी, नारायण लाल माली, नैनाराम मेघवाल और दातीवाड़ा गांव की छत्तीस कौम के ग्रामवासियों ने आयोजन को भव्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खेलते समय टैंक में गिरी 6 साल की मासूम,मौत

जयपुर टाइम्स

सीकर(निस) उद्योग नगर थाना इलाके के राधाकिशनपुरा एरिया में स्थित घर संसार अपार्टमेंट में 6 साल की बच्ची पानी के टैंक में गिर गई। टैंक से निकालने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची रोशनी मौर्य (6) के पिता गोलू मौर्य ने बताया कि वह मध्य प्रदेश के अशोक नगर के रहने वाला है, जो सीकर में मजदूरी का काम करता है। वर्तमान में उनकी पत्नी सीकर में घर संसार अपार्टमेंट में मजदूरी का काम कर रही थी। उनकी 6 साल की बेटी वहीं खेल रही थी। जो काफी देर तक दिखाई नहीं दी तो उनकी पत्नी और अपार्टमेंट में रहने वाले अन्य लोगों ने उसे ढूंढा। इसके बाद वहां पानी के टैंक में देखा तो बेटी नजर आई। बेटी को बाहर निकाला और हॉस्पिटल लेकर गए। लेकिन वहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोलू सहित अपार्टमेंट में रहने वाले अन्य लोगों ने बताया कि यहां वाटर टैंक के ऊपर कोई भी कवर नहीं लगाया गया था। बस केवल एक लकड़ी की प्लाई रखी हुई थी। बिल्डिंग में जगह-जगह बिल्डर के द्वारा लापरवाही बरती गई है। कहीं पीछे की दीवार क्षतिग्रस्त है तो कहीं टैंक पर कवर नहीं लगे हुए। लोगों ने वहां बैठकर धरना भी दिया।

## पाकिस्तान से ड्रोन से हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर** (निस) श्रीगंगानगर की श्रीकरणपुर पुलिस ने पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आई 2 किलो हेरोइन तस्करी के मामले में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने वांछित आरोपी संदीप सिंह को पंजाब के जलालाबाद से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में संदीप ने बताया कि उसने केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र में हेरोइन छिपा रखी है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर ओ माइनर नहर के पास से 150 ग्राम हेरोइन बरामद की। केसरीसिंहपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। श्रीकरनपुर थाना अधिकारी रामप्रताप वर्मा के अनुसार एसपी सह डीआईजी गौरव यादव के निर्देशन में वांछितों की धरपकड़ का विशेष अभियान चल रहा है। तकनीकी सूचना और मुखबिर की मदद से पुलिस को संदीप के ठिकाने का पता चला। इस मामले में पुलिस पहले ही 7 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। यह मामला जुलाई 2024 का है, जब गजसिंहपुर पुलिस ने पाकिस्तान से आई 2 किलो हेरोइन के साथ कुछ तस्करों को पकड़ा था। बाद में मामले की जांच श्रीकरणपुर पुलिस को सौंपी गई। पुलिस अब संदीप के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है और तस्करी से जुड़े अन्य कनेक्शन की तलाश में जुटी है।




## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

क्रमांक- 1656 - 64 दिनांक - 24-02-2025

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है।

| क्र.सं. | अल्पकालिन खुली / बोली संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 59/2024-25 | Nursery Improvement at chandgothi Rajgarh कार्य | 4.43 लाख | For2425WSL BO4766 |
| 2 | 60/2024-25 | Construction of pond / pool (Talaab) at Nagar van B कार्य | 1.98 लाख | For2425WSL BO4767 |

अल्पकालिन खुली बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्ते वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।

उप वन सरदाक
चूरू

## जगह जगह मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, भजनों का चला दौर

# शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, भोलेनाथ की सजाई आकर्षक झांकियां



सुजानगढ़





जिलिया



मण्डावा



मण्डावा





सरदारशहर



लक्ष्मणगढ़



उदयपुरवाटी।



सवाई माधोपुर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़।** महाशिवरात्रि का पर्व शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निकटवर्ती गांव ठरड़ा में स्थित शिवालय में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इसी प्रकार मांडेता स्थित श्री काशीपुरीश्वर महादेव मंदिर में भी दिनभर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इसी प्रकार भोजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में विधायक मनोज मेघवाल पहुंचे और भगवान शिव को जल चढाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान सभापति निलोफर गौरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, इदरीश गौरी, सलीम गौरी, बजरंग सैन, चंपालाल प्रजापत, राजकुमार बोहरा, सुरेंद्र बोहरा आदि भी मौजूद रहे। इसी प्रकार शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की ओर से भगवान शिव के कीर्तन भी किए गए।

**मण्डावा** मण्डावा क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। पारदर्शी शिवालय मंदिर में अल सुबह से ही भक्तों की कतार लगी हुई थी। सीयारामजी की बगीची मंदिर में भी अनेक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। सोमनाथ मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि के दिन भक्त व्रत रखें और चार प्रहर की पूजा की। मान्यता है कि इस दिन की गई पूजा से भगवान शिव विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं। शिव मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। ब्रह्म बगीची मन्दिर में स्थापित नए शिवालय में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि महाशिवरात्रि पर किए गए पूजन से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन व्रत रखने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। अंचल के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भजन-कीर्तन और रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चल रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला मंत्री संदीप शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, संजय परिहार सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम धनावता में स्थित ईशरानाथ धाम पर महाशिवरात्री के अवसर पर भगत सांवताराम के सानिध्य में शुक्रवार को चिंरजीव शास्त्री के आचार्यत्व में 21 हजार पार्थिव शिव लिंगों की पूजा-अर्चना कर महाअभिषेक किया गया। क्षेत्र के अनुठे धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्वालुओं ने उपस्थित होकर जल, पंचामृत, बिल्व पत्र, पुष्प, फल चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। वही हजारों भक्तों ने भण्डारे में हलवा व खीर की प्रसादी ग्रहण की। धार्मिक कार्यक्रम में अग्र-पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज वेदांती ने कहा कि शंकर के अलावा अन्य देवता तो तपस्या बहुत करवाते है। भगवान शंकर भोले है जो जल्द प्रकट हो जाते है। भगवान शिव व मां पार्वती के विवाह व ज्योर्तिलिंग के रूप में शिव प्रकट हुए थे। शिवरात्रि पर्व पर परिवार के छोटे से लेकर बड़े व्यक्ति तक व्रत रखते है। कुल्हरी ने कहा कि मेरे लायक जो काम होगें, तुरंत करने के लिए तैयार रहूंगी। युवा पीढ़ी कुरूतियों की तरफ ज्यादा बढ़ रही हैं। संस्कारों के अभाव में हमारी संस्कृति लुप्त होती जा रही है। संस्कृति को बचाने के लिए मेले व धार्मिक आयोजन जरूरी है। धार्मिक अनुष्ठान के आयोजक महंत सांवताराम भगत ने सभी भक्तजनों को आर्शिवचन सुनाए। इस दौरान अग्रपीठाधीश्वर रैवासा धाम के डॉ. राघवाचार्य महाराज सहित अनेक संत महंत मौजूद रहे। इसी प्रकार कस्बे के दर्जनों शिवालयों में भी भगवान शिव के जयकारें दिनभर गूंज रहे थे। पहाड़ी पर स्थित सुखतलाई मंदिर के महादेव, नगरपालिका के सामने स्थित शिव मंदिर, पोस्ट ऑफिस के पास नीलकंठ महादेव मंदिर, कृष्ण गौशाला में स्थित शिव मंदिर, बसंत बिहार के रूपाणा धाम, रावों के मौहल्लें में नीलकंठ महादेव मंदिर, जोगियों वाले कुएं पर स्थित शिव मंदिर, खानेश्वर धाम में स्थित शिव मंदिर, क्रय विक्रय के निकट स्थित शिव मंदिर आदि में भक्तों ने पूजा अर्चना की। ईशरानाथ बाबा के मेले में गौ सेवा समिति ने भक्तों के लिए शरबत व शुध्द जल की व्यवस्था की गई। गौ सेवा समिति अध्यक्ष अमित जांगिड़ , मुकेश सैनी, अशोक (बाबा), गोपाल शर्मा, मनीष सैनी, कृष्ण सैनी, बाबू सैनी,सुनील सैनी, मयंक सैनी, महेश सैनी, विनोद सैनी, अनूप जांगिड़ , गौ रक्षक सुनील, कृष्ण जांगिड़ , पंकज जांगिड़, प्रियांशु स्वामी, मनीष कुमावत, शिवराम सैनी, परमानंद शर्मा, सुरेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**मण्डावा।** मण्डावा कस्बे में पारदर्शी शिव मंदिर में भक्तों की खूब भीड़ रही है। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर में पहुंचने शुरू हो गए थे। दूध और बेलपत्र चढ़ाकर मनोकमानाएं मांगी। बड़े और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। पारदर्शी शिव मंदिर पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई। बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यह एक अद्भुत शिवलिंग हैं। पूरी तरह से पारदर्शी है। ये शिव मंदिर मण्डावा कस्बे में कंचनिया महादेव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। मंदिर में स्थापित पारदर्शी शिवलिंग की खास बात ये है कि इसके पास दीप जलाया जाता है तो दूसरी तरफ सर्प की आकृति नजर आती है। शिवलिंग में इसके अलावा अन्य आकृति भी नजर आती है। ये शिवलिंग खास धातु से बना हुआ है। इसकी खास बात ये भी है कि जो साधु इस शिवलिंग को लेकर आए थे। शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए थे।

**2008 में बना बड़ा मंदिर**

काफी समय ये शिवलिंग एक छोटे से मंदिर में स्थापित था। इसके बाद 2008 के करीब भव्य मंदिर की स्थापना करवा दी गई। हरचंदराय ढांढनिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने 40 लाख रुपए खर्च कर मंदिर का निर्माण करवाया गया है। पास ही एक कुआं का भी निर्माण करवाया गया था।

**लक्ष्मणगढ़** शिवरात्रि के पावन पर्व पर लक्ष्मणगढ़ शहर के शिवालयों एवं मंदिरों में अल सुबह से ही भक्तो का तांता लगा रहा, शिव भक्तों द्वारा दूध, जल, धतूरे, बैर से शिव पूजा अर्चना की गई तो वहीं महादेव का जलाभिषेक आराधना की गई। शहर के प्राचीन भूतनाथ मंदिर में ढोल व नगाड़ों से महादेव की महाआरती की गई और श्रद्धालुओ द्वारा महादेव के जयकारे लगाए गए। महा आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु नजर आए। मंदिर समिति के दीनदयाल जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया है इसी के साथ मंदिर परिसर को भी रंग बिरंगी लाइटों व आर्टिफिशियल सामान से सजाया गया, शिवरात्रि के मौके पर भूतनाथ मंदिर के प्रति युवाओं व महिलाओं की बढ़ती आस्था को देखते हुए मंदिर परिसर में तीन सेल्फी प्वाइंट भी लगाए गए हैं जिन पर श्रद्धालु सेल्फी ले सकते हैं। जोशी ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महादेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया तो वही रात्रि को होने वाली महा आरती के दौरान भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। वही लक्ष्मणगढ़ भगवा रक्षा वाहिनी की ओर से भूत नाथ मंदिर में भगवान भोले नाथ की काजलिया आरती का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष जयशंकर पुजारी सहित बड़ी संख्या में भगवा रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह शहर के श्रद्धा नाथ आश्रम में भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर आश्रम में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हुए।

**सरदारशहर।** शहर के गौशाला बास स्थित भूतनाथ मंदिर समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव की बारात निकाली गई। शिव बारात में भगवान शिव सहित अनेक सजीव झांकियां सजाई गई। शिव बारात में अनेक भक्तों ने भगवान शिव को रिझाने के लिए शिव तांडव नृत्य का करतब दिखाकर शिव भक्तों को आकर्षित किया। शिव बारात गौशाला बास स्थित भूतनाथ मंदिर से रवाना होते हुए तालमैदान, मूणति कुंई, घंटाघर, मुख्य बाजार होते हुए गांधी चौक से राज वाला कुआं स्थित शिवालय पर शिव बारात का विसर्जन किया गया। बड़ी संख्या में शिव भक्त भगवान शिव की बारात में शामिल हुए। शिव बारात के आयोजन को लेकर अनेक संगठनों की ओर से मुख्य बाजार में अलग-अलग स्टालें लगाकर बारात में शामिल शिव भक्तों का स्वागत किया व ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई। भूतनाथ मंदिर कमेटी के सदस्यों की ओर से शिव बारात के भव्य आयोजन की सफलता को लेकर सभी शिव भक्तों का आभार जताया। शिव बारात के आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से भी जगह-जगह पुलिस के जवानों व होमगार्ड के जवानों के तैनाद कर व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया। वहीं महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिरों में पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। भगवान शंकर को शिव भक्तों ने बेलपत्र, आक, धतूरे व दूध आदि का भोग लगाकर भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना की।

**सवाई माधोपुर** जिले भर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिरों में विशेष पूजा व अनुष्ठान किया जा रहा है। नीलकंठ महादेव मंदिर, शिवाड़ घुश्मेश्वर महादेव, विजेश्वर महादेव मंदिर बोंली के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर , जागेश्वर महादेव मंदिर, सहित सभी मंदिरों में उत्सव का माहौल है। शिव मंदिरों में भक्तगण शिवलिंग पर जल, दूध और बिल्वपत्र चढ़ाकर अभिषेकक्ष कर रहे हैं। वहीं देखा गया कि मंदिरों में लंबी लंबी कतारें लगाकर श्रद्धालू भोलेनाथ की पूजा अर्चना व दर्शन कर रहे हैं। पहाड़ की तलहेटी में स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र की पहचान बना हुआ है। इस दौरान जगह जगह आज शाम शिव मंदिरो में भजन संध्या आयोजित होगी।

**जिलिया** कस्बे के मुरली मनोहर मंदिर में महाशिवरात्रि पर नीलकंठ महादेव के ज्योतिर्लिंग को भव्य रूप से सजाया गया। बुधवार अलसुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में उमड़ पड़े। शिवभक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना कर महादेव का आशीर्वाद लिया। मुख्य सदर बाजार में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर समिति ने भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया। पूरे कस्बे में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
27 फरवरी, 2025

# वनपाल मौत प्रकरण में सर्व समाज लामबद्ध, किया धरना प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** सेवानिवृत्त सहायक वनपाल की हुई मौत प्रकरण में सर्वसमाज के लोग बुधवार को लामबद्ध हो गए और जिला अस्पताल परिसर में वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई व मृतक के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा देने एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर आक्रोश जताते हुए धरना शुरू कर दिया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ धरना शाम साढ़े चार बजे तक चला। इस दौरान तीन दौर में हुई वार्ता के पश्चात मांगों पर सहमति बनने पर आंदोलन समाप्त कर दिया और पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर लाश परिजनों के सुपुर्द कर दी। मामले के अनुसार शहर के वार्ड 40 निवासी 60 वर्षीय सुशील कुमार पंवार वन विभाग में सहायक वनपाल के पद से 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। सोमवार की रात बिना बताए घर से निकल गए, जो मंगलवार की शाम समाज कल्याण विभाग के छात्रावास के पास अचेत हालत में मिले। सुशील कुमार को परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार की सुबह सर्व समाज के लोग लामबद्ध हो गए और जिला अस्पताल में अपना धरना देकर आक्रोश जताया। धरने की सूचना पर विधायक पूसाराम गोदारा, एसडीएम रामकुमार वर्मा, तहसीलदार सज्जनकुमार लाटा, सीआई दिलीपसिंह सहित वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों से वार्ता की। लेकिन दो दौर की हुई वार्ता में सहमति नहीं बनी तथा प्रदर्शन जारी रहा। तीसरे दौर की वार्ता में मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयता दिलवाने, मृतक के एक परिजन को संविदा पर नगरपालिका में नौकरी, 31 मार्च तक पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण कर राशि दिलवाने व दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच करवाने का आश्वासन दिया गया, तब जाकर आंदोलन समाप्त हुआ। धरने पर बैठे हुए लोगों ने आरोप लगाया कि सुशील कुमार को सेवानिवृत्त के बाद मिलने वाले परिलाभों से अधिकारियों की ओर से वंचित रखा जा रहा था तथा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जिसके चलते सुशील कुमार ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया था। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, पूर्व प्रधान अर्जुनसिंह फ्रांसा, भाजपा नेता महेश सैनी, धनराज इंदौरिया, कांग्रेस नेता अरविंद चाकलान, रामवीरसिंह, पार्षद मुखत्यार खान, अनिल सियोता, हेमंत पंवार, नागेश महर्षि, निरंजन ताम्रायत, पेंशनर समाज के सत्यनारायण सेवदा, करणीसिंह राजियासर, वेदप्रकाश पंवार, सत्यपाल बौद्ध, अशोक पंवार, रूपचंद पंवार, भंवरलाल पेंटर, लालचंद पंवार, रामदेव चंदनिया, पुरूषोत्तम इंदौरिया, जगदीश, सत्यपाल गौतम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शिविर में 102 लोगों ने करवाई रक्त जांच



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मानव सेवा संस्थान में पहला निशुल्क रक्त जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 102 लोगों ने रक्त जांच करवाई। मानव सेवा संस्थान कोलकाता सुजानगढ़ व सुजानगढ़ नागरिक परिषद कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय पन्नालाल सारडा की स्मृति में पुरुषोत्तम सारड़ा के सौजन्य से आयोजित शिविर में सीबीसी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड की जांच निःशुल्क की गई। शिविर का उद्घाटन मानव सेवा संस्थान व सुजानगढ नागरिक परिषद के अध्यक्ष सुनील डोसी ने किया। सुजानगढ़ नागरिक परिषद के सचिव आदित्य कोठारी ने बताया कि शिविर में सहयोगी संस्था डॉक्टर छाबडा मेडिकल एंड वैलनेस सेंटर रहा। माणकचंद सर्राफ द्वारा अध्यक्ष सुनील डोसी का स्वागत किया गया। अभिषेक छाबड़ा व अभिलाष छाबड़ा की टेक्नीशियन टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में गजानंद जांगिड़, तरुण लोढा, विद्याप्रकाश जागिड़, डॉ. सरोज कुमार छाबडा, बाबूलाल दुग्गड़, घनश्याम नाथ कच्छावा, पवन छाबडा, गिरधर शर्मा, मंगलाराम गुर्जर, दिनेश तंवर, दिनेश चांडक, अजय तोदी, राजीव व शालू जैन, मनोज व नीतू गाडोदिया, राजेंद्र बगडा, संदीप कोठारी व कपिल देव माटा उपस्थित रहे।

## स्थायी वारंटी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अनाज बेचने के नाम पर ठगी करने के मामले में वांछित आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि वांछित आरोपी मुकेश कुमार पुत्र शिवभगवान, निवासी सुजानगढ को गिरफ्तार किया गया है।

## मंदिर में ओपन जिम लगवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में बने बगीचे में ओपन जिम लगवाने की मांग मोहल्ले के लोगों ने विधायक मनोज मेघवाल से की है। इस दौरान मोहल्ले के रोजकुमार बोहरा, सुरेंद्र बोहरा, वेदप्रकाश स्वामी आदि ने विधायक को बताया कि मंदिर में काफी संख्या में रोज महिला शक्ति का आगमन होता है, अगर यहां पर ओपन जिम लगती है, तो इससे काफी सारे लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। इस दौरान सभापति निलोफर गौरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप तोदी भी मौजूद रहे।

## राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा आज व कल

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन शहर में गुरुवार व शुक्रवार को किया जाएगा। गुरुवार को शहर के 15 केंद्रों पर दो पारियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पारी में सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक व द्वितीय पारी शाम तीन से साढ़े पांच बजे तक चलेगी। वहीं शुक्रवार को एक ही पारी में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जो सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। शहर में परीक्षा के लिए राजकीय जालान स्कूल, राजकीय जालान कॉलेज, राजकीय लोहिया गर्ल्स कॉलेज, भुवालका बालिका स्कूल, बाजोरिया स्कूल, प्रकाश पाठशाला, केपीएस स्कूल, मकड़ीनाथ स्कूल, चिरंजीलाल धानुका आदर्श विद्या मंदिर, स्वामी कॉमर्स कॉलेज, टैगौर शिक्षणा संस्थान, हनुमान बालिका स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर, मारूति गर्ल्स कॉलेज में उक्त परीक्षा संपादित की जाएगी। परीक्षा को लेकर बुधवार को सभी केंद्राधीक्षक की ओर से संबंधित संस्था में परीक्षा ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को उच्चाधिकारियों से मिले दिशा-निर्देशों से अवगत करवाते हुए परीक्षा के दौरान बरतने वाली सावधानियों की जानकारी दी।

## रतनगढ़ में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निस)।** डॉ. अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) की तहसील ईकाई रतनगढ़ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह जिलाध्यक्ष अशोक आलड़िया की अध्यक्षता में मेघवाल गेस्ट हाउस, भीम नगर रतनगढ़ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलीप कुमार गुडेसर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बीकानेर व विशिष्ट अतिथि रतनगढ़ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, रिटायर्ड शिक्षा अधिकारी सांवरमल गहनोलिया,जिला शिक्षा अधिकारी किशनलाल गहनोलिया, आरक्षण मंच के जिलाध्यक्ष गजानंद खेड़िवाल, डॉ महेंद्र खारड़िया, डॉ सीताराम कांवलिया, डॉ विरेन्द्र कुमार, खेलकूद उप जिला शिक्षा अधिकारी रामूराम बुंदेला, प्रधानाचार्य दिनेश बरवड़, डॉ चेतन चौहान, डाइट व्याख्याता ओमप्रकाश बारूपाल, उमेश कुमार जाखड़, लालचंद आलडिया, मनराज कांटीवाल, मोहम्मद अनवर कुरेशी, राकेश किलानिया ,हुकमाराम बारोड, लीलाधर सांसी आदि मंचासीन अतिथि रहे। कार्यक्रम में 232 सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी, नवनियुक्त कर्मचारी व प्रतिभावान विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित रहते हुए बाबासाहेब के मार्ग पर चलने का आव्हान किया। उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने समाज से आव्हान किया कि आप पिछड़े वर्ग के भाईयों को गले लगाकर उनको बाबासाहेब के विचारों को बताएं। अध्यक्ष अशोक आलड़िया ने मेहमानों का आभार व धन्यवाद प्रकट किया। पिछले 10 दिनों से लगे कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में आए अतिथियों को वीरेंद्र कुमार बुनकर विनोद कुमार मंडार, डॉ सुरभि नेमीवाल, विनोद सौगण, नंदलाल झाझरिया ,पूरणमल दानोदिया, पुरुषोत्तम शीला, राजेंद्र प्रसाद गाडगिल, सुभाष बाकोलिया, मंतूराम मांडीवाल, बीरबल राम सांसी, राजेंद्र बाकोलिया, इंद्र चंद कँवल, राजेन्द्र कुमार नायब तहसीलदर, भीमचंद चंद कँवल, महावीर प्रसाद, कविता, सरोज गाड़गिल, अनिता, सुनिता आलड़िया, सुमन शीला,समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रिखा राम तालनिया व प्रधानाचार्य विनोद सिसोदिया ने किया।

## तेज रफ्तार कार ने 9 लोगों को रौंदा, एक ही परिवार के घायलों में 5 की हालत गंभीर

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा थाना इलाके के नूआ के पास जवाहरपुरा गांव में एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर पैदल चल रहे 9 लोगों को रौंद दिया। घायलों में 5 लोगों को भर्ती कर लिया गया है। चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मंडावा थानाधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल हुए सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। जवाहरपुरा गांव में शिव मंदिर में सवामणि का प्रोग्राम था। सवामणि का प्रसाद लेकर अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार कार ढिगाल से मंडावा की ओर जा रही थी। पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने निजी वाहनों घायलों को बीडीके अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और मामले की



जांच शुरू कर दी है। मंडावा पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटा रही है। हादसे में घायल 5 महिलाओं को भर्ती किया गया है। रुक्मणी देवी (42) पत्नी राजकुमार, मंजू (45) पत्नी महेंद्र सिंह, ललिता (40), ज्योति शर्मा और किरण (18) को बीडीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इन सभी घायलों को ट्रोमा यूनिट में भर्ती किया गया है। खुशी, रितिका, अन्वी, मीनू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## फार्मर शिविर में 722 किसानों का पंजीयन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम हरासर में आयोजित किसान पंजीकरण शिविर में 722 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इसी प्रकार 386 पशुपालकों को पशुओं के लिए दवाओं का वितरण किया गया। 192 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जन्म, मृत्यु, पेंशन के 58 आवेदन हुए। शिविर में पशु चिकित्सक डॉ. राजबाला, सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया, भू निरीक्षक सुखदेव स्वामी, सरपंच राजेंद्र सिंह, एएनएम कृष्णा, ग्राम विकास अधिकारी सम्पतसिंह चारण, कनिष्ठ सहायक जगदीश कीलका आदि ने सेवाएं दीं।

## मावंडा खुर्द में आरबीआई वित्तीय साक्षरता सप्ताह

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निंस)।** भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 का आयोजन मावंडा खुर्द गाँव, ब्लॉक नीम का थाना, जिला सीकर में किया गया। यह कार्यक्रम 25 फरवरी से 28 फरवरी तक मनाया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से अवगत कराने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से राजीविका और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय समझदारी और वित्तीय अनुशासन के बारे में बताया गया। इस वर्ष की थीम वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी रखी गई है। आयोजन के दौरान वित्तीय साक्षरता केंद्र नीमका थाना के सलाहकार राकेश सिंह ने कहा कि अपनी प्राथमिकताएं सही तरीके से निर्धारित करें और वित्तीय अनुशासन का पालन करें। यह सुनिश्चित करें कि सैलरी मिलने पर सबसे पहले बचत और निवेश किया जाए, फिर खर्च करें। वित्तीय साक्षरता सलाहकार निकिता योगी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य



महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता की ओर एक कदम और बढ़ाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और साइबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी भी साझा की। इस अभियान में बड़ौदा ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक मावंडा खुर्द के शाखा प्रबंधक, राजीविका से बीपीएम सीताराम और अन्य स्वयं सहायता समूहों के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को वित्तीय साक्षरता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यह आयोजन क्षेत्रीय लोगों को वित्तीय प्रबंधन और योजना बनाने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## लक्ष्मणगढ़ का लाल बना बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ़ के सरावगी परिवार में जन्में, दरभंगा बिहार से लगातार पांचवी बार के विधायक संजय सरावगी को बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इस खुशी में बुधवार को लक्ष्मणगढ़ भाजपा ने स्थानीय भाजपा कार्यालय के सामने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस मौके पर लक्ष्मणगढ़ मंडल अध्यक्ष ललित पंवार, प्यारे लाल कटारिया, शिक्षाविद पवन गोयनका, पुरुषोत्तम मिश्रा, राजकुमार खिरवेवाल, विक्रम सिंह तंवर, रौनक सरावगी, कवि सुरेश बांगड़, मनोज शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता व शहर के नागरिक मौजूद रहे।इस अवसर पर संजय सरावगी के बड़े भाई व लक्ष्मणगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश सरावगी ने बताया कि संजय सरावगी दरभंगा शहरी विधानसभा से लगातार पांच बार जीतने वाले पहले विधायक है। संजय अपने विधानसभा क्षेत्र के



साथ संगठन में भी लगातार काम करते रहे हैं। इसी के फलस्वरूप भाजपा व बिहार सरकार ने संजय सरावगी पर भरोसा जताते हुए उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया है।जय प्रकाश सरावगी ने कहा कि संजय सरावगी का बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री बनना न केवल सरावगी परिवार के लिए गौरव की बात है अपितु पूरे लक्ष्मणगढ़ के लिए यह पल गौरवान्वित करने वाला है कि लक्ष्मणगढ़ के लाल ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद हासिल किया है। संजय सरावगी का जन्म 1969 में हुआ था। उन्होंने मिथिला विश्विद्यालय से एम. ए. तक की पढ़ाई की है। संजय की राजनीतिक शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई थी। इसके बाद वह 2003 में नगर निगम में वार्ड नम्बर 6 से वार्ड पार्षद का चुनाव जीतकर पहली बार वार्ड पार्षद बने थे।

## बीएसएफ जवान की हृदयघात से मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** तहसील के गांव बछरारा निवासी बाड़मेर में बीएसएफ कांस्टेबल के पद पर कार्यरत 35 वर्षीय युवक की बुधवार को हृदयघात से मौत हो गई। परिजन जवान को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जवान के छोटे भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि जवान के छोटे भाई रणजीत की ओर से दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसका 35 वर्षीय बड़ा भाई तेजपाल नैण बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर बाड़मेर में पदस्थापित था। करीब पांच दिन पूर्व एक माह की छुट्?टी लेकर जवान गांव बछरारा आया था। गुरुवार को वह गायों को चारा डाल रहा था कि अचेत होकर नीचे गिर गया। परिजन तेजपाल को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

## होटल संचालक से मारपीट के विरोध में आज उदयपुरवाटी रहेगा बंद



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के निकट पहाडिला गांव में द माउंटेन होटल एन्ड फैमेली रेस्टोरेंट पर 21 फरवरी रात 8.15 बजे होटल संचालक पर बदमाशों ने निर्ममतापूर्वक मारपीट कर होटल में तोड़फोड़ करने के आरोपियो को गिरफ्तार करने को लेकर उदयपुरवाटी के सर्वसमाज ने गुरुवार को कस्बा बंद रखने का निर्णय लिया है और सर्वसमाज की मांग है कि जब तक घटना के मुख्य आरोपियो को गिरफ्तार करने व संघीन धारा लगाकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा नही मिल जाती तब तक बंद रखने व जरूरत पड़ी तो चक्काजाम जाम की भी चेतावनी दी। साथ ही बुधवार को मीटिंग में बताया गया कि आरोपी चिराना में खुलेआम घूम रहे हैं, उसके बावजूद भी आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही नही की जा रही। जबकि गोठड़ा थाना पुलिस ने घटना में शामिल 3 जनों को हिरासत में ले लिया है। और अन्य की तलाश जारी है। सर्वसमाज ने गुरुवार सम्पूर्ण कस्बा बंद रखने का आव्हान किया है। बुधवार की सर्वसमाज के लोगो ने बाजार में दुकानदारों से गुरुवार को बंद रखने को लेकर अपील की। सभा में सर्वसमाज के सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हसामपुर फार्मर रजिस्ट्री शिविर में 468 किसानो की केवाईसी



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निंस.)।** उपखंड मुख्यालय के निर्देशानुसार बुधवार को ग्राम पंचायत बेगा की नांगल में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन प्रशासक संतोष कंवर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें किसानों की जमाबन्दी को आधार कार्ड से जोड़ा गया। इस दौरान कुल 150 किसान आईडी की केवाईसी रजिस्ट्री का कार्य संपन्न हुआ। विकास अधिकारी ने बताया कि तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री कैंप में 468 फार्मर की केवाईसी व रजिस्ट्रीकरण का कार्य हुआ। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी महेश कुमार मीणा, पटवारी सत्यवीर यादव ,चारूमित्र वर्मा, चंचल कुमार, विडियो हरिराम मीणा, कृषि पर्यवेक्षक कर्मचन्द मुंडोतिया, बीसीसीआई पूनम यादव, कनिष्ठ सहायक सुनिता यादव उपस्थित रहे। यह शिविर किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है, जिसमें उनकी कृषि रजिस्ट्री के प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित किया गया है।

## श्रीराम कथा व हनुमत कथा कल से

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे का प्राचीन मंदिर मेहन्दीपुर बालाजी मे 28 फरवरी से श्रीराम कथा व हनुमत कथा का आयोजन होगा।भक्त सत्यनारायण फोगला ने बताया कि पुजारी राजूराम के सानिध्य में 28 फरवरी से 9 मार्च तक श्री राम कथा व हनुमत कथा का आयोजन होगा। जिसमें व्यासपीठ पर श्री विभुषित श्रीमद दण्डी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज के शिष्य स्वामी शिवेन्द्र महाराज ऋषिकेश के मुखरबिन्द से कथा का रसपान करवाएंगे। 28 फरवरी को कलश यात्रा 8.15 पर दादोजी मंदिर से रवाना होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर कथा स्थल पहुंचेगी। कथा का समय दोपहर 1 से 5 बजे तक रहेगा। 9 मार्च को पूर्णाहूति 9 बजे होगी, उसके बाद महाप्रसाद होगा।

## किसानों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, जैतसीसर में किसानों का प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील में किसानों का बिजली की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। रातुसर, रायपुरा, निमरासर, कालवासिया और भाऊवाला गांव के किसान जैतसीसर जीएसएस के सामने एकत्रित होकर बिजली की समस्या के समाधान की मांग करते विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। किसान नेता राकेश सींवर ने बताया कि गेहूं, सरसों, जौ, इसबगोल, मैथी और चना की फसलें पकने की स्थिति में हैं। किसानों को छह घंटे पूर्ण वोल्टेज की बिजली नहीं मिल रही है। जब बिजली आती है तो वह भी कम वोल्टेज की होती है। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने भानीपुरा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन बिजली विभाग के सहायक अभियंता और कार्यकारी अभियंता के नाम था। किसानों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी उचित मांगों का जल्द समाधान किया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में उदाराम गौरा, खिराजराम ढाका, राकेश सींवर, हरिराम, संतपाल, बहादुर, मनीराम और रामनिवास सहित कई किसान मौजूद रहे।

## राजेन्द्र सिंह शेखावत दिल्ली के हिन्दी भवन में सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** फिल्म निर्माता निर्देशक और साहित्यकार राजेन्द्र सिंह शेखावत को दिल्ली के हिन्दी भवन में सम्मानित किया गया। गायत्री साहित्य संस्थान की ओर से आयोजित समारोह के दौरान डॉ हेमलता बबली वशिष्ट की ओर से संपादित पुस्तक भावापन्न सृजन का लोकार्पण किया गया।समारोह में देश के जाने माने गीतकार डॉ धनंजय सिंह, शायर मतीन अमरोही, मंजू वशिष्ट, ऋषि कुमार शर्मा, डॉ अशोक मधुप, डॉ संतोष खन्ना, डॉक्टर विनोद कुमार गुप्ता आदि ने शेखावत को सम्मानित किया। इस पुस्तक में शेखावत की 5 लघुकथाएं प्रकाशित हुई हैं। इस मौके पर मधु लबाना, संगीता सिंह, मंगत गर्ग, डॉक्टर विजय कुमार पुरी, अशोक कश्यप, अतुल कुमार, डॉ रणदीप बत्रा आदि का भी सम्मान किया गया। समारोह में देश के कोने कोने से साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## सड़क का अच्छा कार्य करने पर किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** खेमका स्कूल से लेकर जोहरी सागर तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा था जो पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से भारतद्वाज कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से कार्य को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर ठेकेदार चंद्रप्रकाश शर्मा का सत्तार खान दौलत खानी की ओर से माल्यार्पण स्वागत किया गया। सड़क निर्माण को लेकर वार्ड वासियों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सत्तार खान दौलत खानी, सादिक खान, शौकत खान, अलादीन खान, यूनुस खान, विश्वनाथ जांगिड़, कमल प्रजापत, रवि सोनी, अजीज खान, जावेद खान, सोहेल कुरेशी, पूनम सेन, व वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## अशोक पारीक का किया भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निस)।** शिव ढंफ मंडल लक्ष्मणगढ़ के उपाध्यक्ष अशोक पारीक के ऐतिहासिक कुंभ यात्रा से लौटने पर मंडल की पूरी टीम ने भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर मंडल के सदस्यों ने उनका माल्यार्पण, साफा व सोल उड़ाकर भव्य अभिनंदन किया।अशोक



पारीक ने कुंभ यात्रा की आध्यात्मिक व धार्मिक अनुभूतियों को साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके लिए अविस्मरणीय रही। उन्होंने कहा कि कुंभ में साधु-संतों के आशीर्वाद से उन्होंने धर्म और समाज के उत्थान के लिए नए संकल्प लिए हैं। इस शुभ अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने की प्रतिज्ञा ली और समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सुजानगढ़ नागरिक परिषद उच्च माध्यमिक विद्यालय में भूमि पूजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय नागरिक परिषद् उच्च माध्यमिक विद्यालय में डायमंड ब्लॉक भवन का भूमिपूजन समारोह विधायक मनोज मेघवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस ब्लॉक में चार बड़े कमरे, हॉल और ऑफिस का निर्माण होगा, जिसका चांदमल धन्नाराम पाटनी परिवार के राजीव पाटनी और उनकी धर्मपत्नी शालू जैन ने भूमि पूजन किया और भवन की आधारशिला रखी। पंडित श्याम सुंदर जोशी ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर सुजानगढ़ नागरिक परिषद् के अध्यक्ष सुनील डोसी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में परिषद् के सचिव सीए आदित्य कोठारी ने कहा कि प्रवासियों को अपनी मातृभूमि की तरफ लाने का हमारा यह प्रयास है, जो पिछले साठ सालों से जारी है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि अपनी पैतृक विरासत को संजौने के लिए प्रवासी लोग यहां आए। कोठारी ने परिषद् के साठ वर्ष पूरे होने पर किए जा रहे प्रकल्पों की जानकारी दी। क्षेत्रीय विधायक मनोज कुमार मेघवाल ने कहा कि सुजानगढ़ नागरिक परिषद् कोलकाता की ओर से किए जा रहे कार्य अभिनंदनीय हैं और आने वाली पीढ़ियां इन विकास कार्यों से प्रेरणा लेगी। मेघवाल ने कहा कि प्रवासियों को स्थानीय नागरिकों के साथ जोड़कर विकास कार्य करवाए जाते हैं, तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। परिषद् के संस्थापक सदस्य बाबूलाल दुगड़ ने कहा कि परिषद् का एक मात्र उद्देश्य केवल सुजानगढ़ का




सर्वांगीण विकास करना है जिसके लिए परिषद् गतिमान रही हैं। दुग्गड़ ने कहा कि सुजानगढ की जनसंख्या को देखते हुए यहां पर एक ऑडिटोरियम की महती आवश्यकता है, जिसके बारे में परिषद की कार्यकारिणी को गंभीरता से विचार करना चाहिए। नगर परिषद सभापति निलोफर गौरी ने कहा कि ऑडिटोरियम के लिए भूमि की तलाश की जा रही है और जैसे ही भूमि उपलब्ध होगी, भामाशाहों की सेवाएं ली जायेंगी। नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, पूर्व पालिकाध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश शर्मा, डॉ सरोज कुमार छाबड़ा, सुजानगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, सीबीईओ सुनीता पूनियां, संस्था प्रधान महमूद हसन भी मंचस्थ रहे। अध्यक्ष सुनील डोसी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी के सहयोग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की और कहा कि आने वाले दिनों में 4-5 और प्रोजेक्ट भी सुजानगढ के लिए और चलाये जाएंगे। इससे पहले अतिथियों का स्वागत परिषद् के उपाध्यक्ष मनोज गाड़ोदिया, दिलीप लाहोटी, कार्यकारिणी सदस्य अजय तोदी, हरीश जाजू, राजेंद्र कुमार बगड़ा, अमरसिंह भूतोड़िया, दिनेश तंवर, जगदीश जालान, हर्ष जालान, रणवीरसिंह महरिया, खड्ग सिंह बांठिया, सुनील जैन सड़ूवाला, महबूब सेठी, सरोज कुमार पांड्या, तरूणमल लोढा, विद्याप्रकाश जांगिड़ आदि ने किया। समारोह में भामाशाह परिवार के राजीव पाटनी व शालू जैन का विधायक व अन्य अतिथियों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर मूलचंद तिवाड़ी, विमल भूतोड़िया, रतन सैन, कमल नयन तोषनीवाल, पारस मल बगड़ा, कमल दाधीच, लक्ष्मण खत्री, एडवोकेट भीमशंकर शर्मा, चंपालाल प्रजापत, मनोज शर्मा, पदमवीर, धनराज सिंगोदिया, भागीरथ गोदारा, पारसमल बगड़ा, बुद्धिप्रकाश सोनी, गजानंद जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। संचालन घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया।

### चलकोई गौशाला में राधाकृष्ण व शिव मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा

## गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं: राठौड़

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** ग्राम चलकोई की गौशाला में श्रीकृष्ण गौ सेवा समिति की ओर से श्री राधाकृष्ण मंदिर व शिव मन्दिर में बुधवार को मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण रहे। गौशाला अध्यक्ष ध्रुवपाल सिंह ने बताया कि इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने भामाशाहों की ओर से बनाए गए गौ अस्पताल, अनाज भंडार व चारा भंडार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि भगवान की भक्ति करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सेवा करनी चाहिए। जिससे मनुष्य के मन को सन्तुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। इस दौरान नव निर्मित मंदिरों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा शास्त्री रामस्वरूप शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर की गई। कार्यक्रम में वापी के गायक महेंद्र स्वामी ने एक शाम गौ माता के नाम



कार्यक्रम में भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। भजन संध्या में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के महिला-पुरूष उपस्थित रहे। समारोह में समाजसेवी मेघराज सिंह रॉयल, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मंडावेवाला, प्रधान दीपचंद राहड़, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रदेश महामंत्री वासुदेव चावला, अमरपुरा धाम के मंहत सुरेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, विक्रम सिंह कोटवाद, जिला महामंत्री चंद्राराम गुरी, राजवीर सिंह चलकोई, भाजपा एसीएसटी मोर्चा के प्रदेश सचिव सीताराम लुगरिया, कथावाचक बुधराम शर्मा व समाज सेवी ओमप्रकाश गुरावा आदि उपस्थित रहे। गौशाला के राजेंद्र दाधीच ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## फेयरवैल पार्टी में छात्र ने तोड़ी पंखे की ताडियां, वीडियो वायरल



### प्रिंसिपल बोलेः यह आपसी मामला, मत दो तूल

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** वर्तमान में बच्चा हो जवान हो या फिर बुड्ढा हो, हर कोई सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने के लिए कुछ भी कर लेते हैं। ऐसा ही एक मामला सरदारशहर में सामने आया है जहां पर भोजरासर के राजकीय स्कूल का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि जयपुर टाइम्स इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। यह वीडियो 24 फरवरी का बताया जा रहा है। 24 फरवरी को भोजरासर गांव के राजकीय स्कूल में 12 वीं कक्षा की विदाई पार्टी का कार्यक्रम था। इस दौरान 12 वीं कक्षा का एक छात्र स्कूल के कक्षा कक्ष में लगे पंखे की ताड़ियां तोड़कर अपना वीडियो बनवाता हुआ दिखाई दे रहा है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोग इस वीडियो को लेकर अपनी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। वायरल वीडियो को लेकर जब हमने विद्यालय के प्रिंसिपल अरविंद कुमार जोशी से फोन पर बात की तो उन्होंने कहा कि यह आपसी मामला था। जिसे अब निपटा दिया गया है। जब हमने अरविंद कुमार जोशी से पूछा कि इस छात्र ने अपने घर में लगे पंखे की ताड़ियां नहीं तोड़ी है। राजकीय स्कूल में लगे पंखे की ताड़ियां तोड़ी है तो यह आपसी बात कैसे हुई। तब इस पर प्रिंसिपल ने कहा कि जिन लोगों की ओर से यह पंखा लगवाया गया था उनकी और छात्र के घर वालों की आपस में बात हो गई है और मामले को निपटा दिया गया है। आपके पास यह वीडियो कहां से आ गया। इस मामले में हम बैठकर बात करेंगे। लेकिन अब सवाल यह खड़ा होता है कि राजकीय विद्यालय में लगे इस पंखे की ताड़ियां तोड़ना कहां तक सही है और सरकारी विद्यालय में लगी इस संपत्ति को तोड़ने वाले छात्र पर क्या कार्रवाई अमल में लाई जाएगी या फिर इस मामले को यही रफा-दफा कर दिया जाएगा। यह अब देखने वाली बात होगी।

## गुणवत्ता और मृदुल व्यवहार ही प्रतिष्ठान को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता हैं: राठौड़

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने उमा इंटरप्राइजेज का किया उदघाटन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय नई सड़क पर नवस्थापित उमा इंटरप्राइजेज का शुभारंभ बुधवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान संचालक आदित्य चोटिया ने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में दीर्घकालिक सोच के साथ उपभोक्ताओं को दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और मृदुल व्यवहार ही प्रतिष्ठान को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि घरेलू वस्तुओं से जुड़े इस प्रतिष्ठान पर लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और ग्राहकों की संतुष्टि को ध्येय बनाकर काम किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आज उपभोक्ता जागरूक हो रहे हैं और सेवाओं में भी पूर्व की बजाय गुणवत्ता और पारदर्शिता देखी जा रही है। भाजपा नेता



राधेश्याम चोटिया ने अतिथियों का स्वागत किया। मुरारीलाल चोटिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा नेता ओम सारस्वत, फतेहचंद सोती, पूर्व सभापति विजय शर्मा, कुमार अजय, नरेंद्र शर्मा, किशन उपाध्याय, दिलीप सिंधी, मुबारिक भाटी, विष्वनाथ सैनी, फैम इंटरनेशनल की एमडी शीतल जैन, फैम इंटरनेशनल के सीईओ शालीन जैन, कंपनी प्रतिनधि संदीप कुमार, आबिद खान, चंद्रप्रकाश ढंढ़, गोपाल बुढ़ाढ़रा, रामनिवास चौधरी, मदन लाल चोटिया, सूर्यकांत शर्मा, बाबूलाल शर्मा, गुरुदास भारती सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय सेवा शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन ऑनलाईन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के साथ हुआ। दोंनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को 100 प्रश्नों का हल आधे घंटे में करना था। प्रभारी प्रदीप जोशी ने प्रतियोगिता से सम्बंधित नियमों के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नर्बदा सोनी, दूसरे स्थान पर भवानी, तृतीय स्थान पर युवराज सिंह व ममता प्रजापत रहे। अंत में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घोष पथ संचलन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वैशाली नगर की ओर से महाशिवरात्रि पर्व, अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर वैशाली नगर में घोष पथ संचलन निकाला एवं झारखंड महादेव मंदिर प्रागंण में स्थिर वादन किया गया। कार्यक्रम में नगर संघ चालक भोजराज सिंह राजावत उपस्थित रहें। पूर्ण



गणवेश में स्वयंसेवकों का पथ संचलन घोष वाद्ययंत्रों की स्वरलहरियों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए आनंदराम गोम डिफेंस कॉलोनी से प्रारम्भ हुआ। संचलन मुख्य मार्गो से होते हुए झारखंड महादेव मंदिर पहुंचा। जहां मंदिर प्रागंण में स्वयंसेवकों ने स्थिर वादन करते हुए घोष की रचनाओं की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भारत माता के जयकारे लगाते हुए स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। नगर के संघचालक भोज राज सिंह राजवत ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाशिवरात्रि के दिन को अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाता है।संघ के शताब्दी वर्ष मे संघ समाज जागरण के विभिन्न आयामों पर कार्यरत है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक जन जागरण मे अपना योगदान दे रहें हैं। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।